Website: www.winews.in | Email: winews.in@gmail.com | दिल्ली, नोएडा,हापुड़, फरीदाबाद, मोदीनगर, मेरठ, सहारनपुर, मुजफ्फरनगर, रूड़की, हरिद्वार, देहरादून, मुरादाबाद, बुलंदशहर, अलीगढ़ मथुरा, आगरा,राजस्थान, पंजाब, बहराइच,रामपुर, लखनऊ, काशीपुर, देवन्बद में प्रसारित

दैनिक गाजियाबाद से प्रकाशित हिन्दी दैनिक

# वेलकम इंडिया

RNI NO. UPHIN/2018/76874

नये भारत की नई सोच

वर्षः 6 अंकः 303 | मंगलवार, 04 नवंबर -2025 (गाजियाबाद) | पेज-8 | मूल्य-एक रुपया

## दरभंगा में बोले यूपी के सीएम योगी

# 'पप्पू, टप्पू, अप्पू.....इंडिया गठबंधन तीन बंदरों की जोड़ी'

नई दिल्ली।

उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने बिहार के दरभंगा में राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (एनडीए) के उम्मीदवारों के समर्थन में जनसभा को संबोधित किया।

सीएम योगी ने कांग्रेस और राष्ट्रीय जनता दल (आरजेडी) को राम द्रोही बताया और कहा कि जो मां जानकी का विरोधी है, वह हमारा भी विरोधी है। उन्होंने राम मंदिर निर्माण का उल्लेख किया और कहा कि जब रामलला विराजमान होंगे, तब मिथिला में मां जानकी भी विराजमान होंगी।सीएम योगी

**राम मंदिर निर्माण का उल्लेख किया और कहा कि जब रामलला विराजमान होंगे**

ने कहा कि सीतामढ़ी में मां जानकी का भी मंदिर बन रहा है। अब दोनों को जोड़ने के लिए राम जानकी मार्ग के निर्माण का काम भी युद्ध स्तर पर शुरू हो गया है। उन्होंने मखाना बोर्ड के गठन से लेकर लाख की चूड़ियों को पहचान दिलाने तक, सड़क से लेकर वायु और जलमार्ग तक, एनडीए सरकार के प्रयास गिनाए और कहा कि डबल इंजन की सरकार होती है, तो ऐसे ही विकास की बहार होती है। योगी आदित्यनाथ ने कहा कि अयोध्या से संदेश लेकर मां जानकी की धरती पर आया हूं। डबल इंजन सरकार योजनाओं का लाभ हर तबके को दे रही है।उन्होंने विपक्षी महागठबंधन पर भी जमकर हमला बोला। सीएम योगी ने कहा कि आरजेडी और कांग्रेस वाले हिंदू द्रोही हैं, रामद्रोही हैं। उन्होंने कहा कि आपने गांधी जी के तीन बंदरों के बारे में सुना होगा। आज इंडी गठबंधन के तीन बंदर आ गए- पप्पू, टप्पू और अप्पू के नाम पर। यह गठबंधन तीन बंदर की जोड़ी है।



## मध्य प्रदेश में यात्री बस के खाई में गिरने से 3 लोगों की मौत, 38 यात्री घायल

**नई दिल्ली।** मध्य प्रदेश के इंदौर जिले में सोमवार रात एक यात्री बस के खाई में गिर जाने से दो महिलाओं सहित 3 लोगों की मौत हो गई और 38 लोग घायल हो गए। एक पुलिस अधिकारी ने यह जानकारी दी। पुलिस अधीक्षक (ग्रामीण) यांगचेन डोलकर भूटिया ने पीटीआई-भाषा को बताया कि यह दुर्घटना सिमरोल थाना क्षेत्र के भेरू घाट पर हुई। उन्होंने कहा, ₹दुर्घटना में तीन की मौत हो गई। वे बस में आगे बैठी थीं। मृतकों की पहचान की जा रही है। भूटिया ने बताया कि बस में फंसे 38 घायल यात्रियों को पुलिस और प्रशासन ने बचा लिया और विभिन्न अस्पतालों में पहुंचाया। दुर्घटना के वास्तविक कारणों की जांच की जा रही है। इस बीच, दुर्घटनास्थल से सामने आए एक वीडियो में एक व्यक्ति यह कहते हुए सुना जा सकता है कि बस चालक नशे में था और उसके नशे के कारण ही यह दुर्घटना हुई।

## सार संक्षेप

### देव दीपावली पर काशी में होंगे सीएम योगी, अफसरों ने शुरू की तैयारियां

नई दिल्ली।

देव दीपावली पर इस बार भी मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ काशी पहुंचेंगे। वहीं, देव दीपावली पर इस बार काशी में फिर से दिव्यता, भव्यता और आधुनिकता का अद्भुत उदाहरण दिखाई देगा। घाटों पर लाखों दीपों की रोशनी, लेजर शो और कोरियोग्राफ ग्रीन क्रैकर्स शो पर्यटकों और श्रद्धालुओं को मुग्ध करेंगे। विश्वप्रसिद्ध देव दीपावली पर इस बार भी मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ काशी पहुंचेंगे। पुलिस प्रशासन के मुताबिक वह पांच नवंबर को दोपहर बाद बाबतपुर एयरपोर्ट पहुंचेंगे। यहां से पुलिस लाइन और फिर सर्किट हाउस पहुंचेंगे। मुख्यमंत्री पार्टी कार्यकताओं से मिलेंगे। इसके बाद शाम को क्रूज से वह देव दीपावली का नजारा देखेंगे। इसी से वह गंगा आरती देखेंगे। देव दीपावली कार्यक्रम के बाद श्रीकाशी विश्वनाथ और बाबा काल भैरव का दर्शन पूजन करेंगे। छह नवंबर



की सुबह वह प्रधानमंत्री के आगमन की तैयारियों को परखेंगे और शाम को लखनऊ के लिए रवाना हो जाएंगे। देव दीपावली पर इस बार काशी में फिर से दिव्यता, भव्यता और आधुनिकता का अद्भुत उदाहरण दिखाई देगा। घाटों पर लाखों दीपों की रोशनी, लेजर शो और कोरियोग्राफ ग्रीन क्रैकर्स शो पर्यटकों और श्रद्धालुओं को मुग्ध करेंगे। शिव भजनों की धुन पर करीब 10 मिनट तक चलने वाला ग्रीन एरियल फायर क्रैकर शो रात 8 बजे शुरू होगा।

### रवि किशन को धमकी देने वाला गिरफ्तार



गोरखपुर।

आरोपी की पहचान अजय कुमार यादव के रूप में हुई है। आरोप है कि उसने खुद को अभिनेता-नेता खेसारी लाल यादव का समर्थक बताते हुए फोन पर गाली-गलौज की। सांसद रवि किशन को गोली मारने की धमकी दी थी। सांसद रवि किशन शुक्ल को फोन पर जान से मारने की धमकी देने के आरोपी को रामगढ़ताल थाना पुलिस ने पंजाब से गिरफ्तार कर लिया है। आरोपी की पहचान अजय कुमार यादव के रूप में हुई है। वह खुद को बिहार के आरा जिले का निवासी बता रहा था लेकिन जांच में पता चला कि वह वास्तव में पंजाब के लुधियाना जिले के फतेहगढ़ बग्गा कला का रहने वाला है। सोमवार को उसे लुधियाना से गोरखपुर लाया गया। पूछताछ के बाद न्यायालय में पेश किया गया, जहां से उसे जेल भेज दिया गया। बीते 30 अक्तूबर को सांसद रवि किशन के निजी सचिव शिवम द्विवेदी के मोबाइल पर अज्ञात व्यक्ति का फोन आया था। फोन करने वाले ने अपना नाम अजय यादव, निवासी जवनिया, आरा (बिहार) बताया था। आरोप है कि उसने खुद को अभिनेता-नेता खेसारी लाल यादव का समर्थक बताते हुए फोन पर गाली-गलौज की। सांसद को गोली मारने की धमकी दी थी। उसने कहा था कि रवि किशन जाति विशेष पर टिप्पणी करते हैं।

## भारत और अरब लीग: सहयोग बढ़ाने पर महत्वपूर्ण वार्ता

नई दिल्ली।

विदेश मंत्रालय की सचिव (दक्षिण) नीना मल्होत्रा ने सोमवार को नई दिल्ली में अरब राजदूतों के साथ बैठक की अध्यक्षता की। इसमें भारत और अरब लीग के बीच सहयोग को और मजबूत करने के प्रयासों पर चर्चा की गई। विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता रणधीर जायसवाल ने एक्स पर यह जानकारी दी है। अरब लीग में 22 देश शामिल हैं। इससे पहले, काहिरा स्थित भारतीय दूतावास ने इस बात पर प्रकाश डाला कि कैसे भारत के पारंपरिक रूप से अरब लीग के देशों के साथ घनिष्ठ और मैत्रीपूर्ण संबंध रहे हैं। ये संबंध प्राचीन काल से चले आ रहे हैं जब व्यापारी, विद्वान



और राजनयिक अक्सर अरब सागर और भारत को पश्चिम एशिया और अरब प्रायद्वीप से जोड़ने वाले स्थलीय मार्गों से ज्ञान और व्यापार का आदान-प्रदान करते थे। भाषा और धर्म के संबंधों के माध्यम से साझा सांस्कृतिक विरासत इन ऐतिहासिक संबंधों को ऊर्जा प्रदान करती रही है।

## पहाड़ों में आज बारिश और बर्फबारी के आसार

देहरादून।

देहरादून समेत उत्तरकाशी, चमोली, टिहरी, बागेश्वर, रुद्रप्रयाग और पिथौरागढ़ जिले के कुछ हिस्सों में हल्की बारिश होने की संभावना है। उत्तराखंड के पर्वतीय इलाकों में शीतलहर तो मैदानी इलाकों में छाने वाला कोहरा ठंड बढ़ाएगा।

मौसम विज्ञान केंद्र की ओर से मंगलवार को पर्वतीय जिलों के कुछ हिस्सों में हल्की बारिश के साथ बर्फबारी की संभावना जताई है। केंद्र की ओर से जारी पूर्वानुमान के अनुसार चार नवंबर को देहरादून समेत उत्तरकाशी, चमोली, टिहरी, बागेश्वर, रुद्रप्रयाग और पिथौरागढ़ जिले के कुछ हिस्सों में हल्की बारिश होने की संभावना है। जबकि पर्वतीय जिलों में 4000 मीटर से अधिक ऊंचाई वाले इलाकों में बर्फबारी



होने की संभावना है। मौसम वैज्ञानिकों का कहना है कि बारिश व बर्फबारी होने से पर्वतीय जिलों में शीतलहर सुबह व शाम के समय परेशान कर सकती है। हालांकि छह से आठ नवंबर तक प्रदेशभर में मौसम शुष्क रहने की संभावना है। उधर मैदानी इलाकों में कोहरा छाने से सामान्य तापमान में गिरावट दर्ज की जा सकती है।

## संतों के प्रवचन चलते रहें, इसके लिए हम डंडा लेकर खड़े हैं: मोहन भागवत



नई दिल्ली।

सरसंघचालक डॉ. मोहन भागवत ने कहा कि हम सब दिखते अलग-अलग हैं, लेकिन एक हैं। यह जुड़ाव भारत के पास है, दुनिया के पास नहीं है। इसी वजह से दुनिया आज संकट में है और भारत की तरफ देख रही है। हमारे यहां जुड़ाव की वजह संत हैं। सोमवार को जबलपुर के तिलहरी में आयोजित बोचासनवासी अक्षर पुरुषोत्तम स्वामीनारायण संस्था के 'जीवन उत्कर्ष महोत्सव' को सरसंघचालक ने संबोधित किया। उन्होंने कहा कि संत ईश्वर का अंश हैं। संत और भगवान में अंतर नहीं है। संतों की वाणी समाज को उचित मार्ग दिखाती है। इसीलिए संघ के स्वयंसेवक संतों की सेवा में हैं। संतों के प्रवचन चलते रहें, इसके लिए हम डंडा लेकर खड़े हैं। उन्होंने कहा कि दुनिया के पास भारत के अलावा कोई विकल्प नहीं है, क्योंकि यह धर्म-संस्कृति से चलता है। सनातन यहां की ताकत है, पूरी दुनिया इसे सीखना चाहती है। उन्होंने संत विभूति प्रमुख स्वामी महाराज की पुस्तक को पढ़कर उसका अनुकरण करने का आह्वान किया।

## पालघर में बेमौसम बारिश ने धान की फसल को बुरी तरह प्रभावित

नई दिल्ली।

महाराष्ट्र के पालघर जिले में एक किसान ने सोमवार को दावा किया कि बेमौसम बारिश से फसलों के नुकसान के लिए उसे राज्य सरकार से सिर्फ 2.30 रुपये का मुआवजा मिला है। वाडा तालुका के शिलोत्तर गांव के मधुकर बाबूराव पाटिल ने अपने धान के खेतों को हुए भारी नुकसान के लिए मुआवजे की मांग करते हुए एक आवेदन जमा किया था। पाटिल ने कहा कि इस मौसम में लगातार बारिश ने धान की फसल को बुरी तरह प्रभावित किया, जिससे फसल पानी में डूब गई और सड़ गई। यहां तक कि पुआल भी काला पड़ गया, जिससे पशुओं के लिए चारे की कमी का संकट और गहरा गया। इतने बड़े नुकसान के बावजूद, मुझे यह देखकर हैरानी हुई कि मेरे बैंक खाते में सिर्फ 2.30 रुपये ही जमा हुए।



## चीन ने ट्रंप के 'गुप्त परमाणु परीक्षण' के दावे को किया खारिज

बीजिंग।

चीन ने अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के इस दावे को पूरी तरह झूठा बताते हुए खारिज कर दिया है कि बीजिंग गुप्त रूप से परमाणु हथियारों के परीक्षण कर रहा है। ट्रंप ने सीबीएस को दिए एक साक्षात्कार में दावा किया था कि रूस, चीन, उत्तर कोरिया और पाकिस्तान जैसे देश परमाणु परीक्षण कर रहे हैं, इसलिए अमेरिका को भी अपने परमाणु परीक्षण कार्यक्रम को फिर से शुरू करना चाहिए। चीन ने अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के उस दावे का खंडन किया है, जिसमें दावा किया गया कि चीन गुप्त रूप से परमाणु हथियार परीक्षण कर रहा है। चीन ने इस आरोप को खारिज करते हुए इसे पूरी तरह से झूठा करार दिया है। रविवार को सीबीएस के साथ एक साक्षात्कार में ट्रंप की टिप्पणियों पर प्रतिक्रिया देते हुए चीनी विदेश मंत्रालय की प्रवक्ता माओ निंग ने सोमवार (03 नवंबर) को कहा कि बीजिंग एक आत्मरक्षात्मक परमाणु रणनीति पर कायम है और परमाणु परीक्षणों पर अपने प्रतिबंध का पालन करता है। अमेरिका से वैश्विक स्थिरता की अपील उन्होंने आगे कहा कि चीन व्यापक परमाणु-परीक्षण-प्रतिबंध संधि (सीटीबीटी) का समर्थन करता है और अमेरिका से उसी संधि के तहत ₹अपने दायित्वों का पालन करने का आह्वान किया।

### चीनी विदेश मंत्रालय ने जारी किया बयान

ग्लोबल टाइम्स के हवाले से माओ ने कहा, ₹संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद के एक स्थायी सदस्य और एक परमाणु–हथियार संपन्न देश के रूप में चीन परमाणु हथियारों का पहले इस्तेमाल ना करने की नीति का पालन करता है, एक आत्मरक्षात्मक परमाणु रणनीति बनाए रखता है और परमाणु परीक्षण स्थगित करने की अपनी प्रतिबद्धता का सम्मान करता है।



## संपादक की कलम से

# अंततः विश्व चैंपियन

हम तो भारत की बेटियों को पहले ही ।चैम्पियन। घोषित कर चुके थे, लेकिन आधिकारिक नतीजा 2 नवम्बर को सामने आया। महिला क्रिकेट विश्व कप में टीम इंडिया ने, अंतत:, परचम लहराया। विश्व चैम्पियन बनी। एक शून्यता भरी गई। फाइनल मुकाबले में टीम इंडिया ने दक्षिण अफ्रीकी टीम को 52 रन से शिकस्त दी। यकीनन यह जीत और सिरमौर बनने की ललक, तड़प, खेल का जुनून और जज्बा, आक्रामकता सब कुछ अपने निष्कर्ष तक पहुंचे और भारत विश्व चैम्पियन बन गया।



ललित शर्मा
संपादक

बेशक शानदार जीत है, टीम इंडिया ने पहली बार वैश्विकता का इतिहास रचा है, मील-पत्थर तो कई स्थापित किए जा चुके हैं। अब टीम इंडिया खाली हाथ नहीं है, अंतिम चरण की अभिशप्त टीम नहीं है, पराजय का एहसास विजय में तबदील हो गया है। अब ऑस्ट्रेलिया ( 7 बार ), इंग्लैंड ( 4 बार ), न्यूजीलैंड ( एक बार ) के बाद भारत भी विश्व चैम्पियन टीम का चौथा देश है। देश गर्व और गौरव के साथ वे पल भी याद कर रहा है, जब 1983 में विश्व चैम्पियन की ट्रॉफी तत्कालीन पुरुष टीम के कप्तान कपिल देव ने हासिल की थी। पूरा विश्व हैरान था, लेकिन उल्लसित भी था, क्योंकि क्रिकेट की एक नई शक्ति का उदय हुआ था। तब विश्व में कोई भी उम्मीद नहीं करता था कि वेस्टइंडीज की तूफानी टीम को भारत की अपेक्षाकृत कमजोर टीम पराजित कर सकती है, लेकिन टीम इंडिया ने अनहोनियों को साकार किया। उसी से प्रेरित होकर, जीत के जज्बे और जुनून के साथ, एमएस धोनी के नेतृत्व में विराट कोहली, सहवाग, युवराज सिंह, गौतम गंभीर आदि की पीढ़ी ने अपने खेल को ऐसा तराशा कि टीम इंडिया 2 अप्रैल, 2011 को दूसरी बार, एकदिनी क्रिकेट की, विश्व चैम्पियन बनी। इस बार भी तारीख 2 ही थी, शहर भी मुंबई था, बेशक महीना नवम्बर का था और हम महिला क्रिकेट के भी विश्व चैम्पियन बने। टीम इंडिया ने अपनी पराजयों, खालीपन, निराशा, जीत छिटकने के तनावों से बहुत कुछ सीखा। अंतत: शीर्ष तक पहुंच कर खुद को साबित किया। बेशक खिताबी जीत सामूहिक होती है, लेकिन शेफाली वर्मा और दीप्ति शर्मा के खेल, अंतत:, टर्निंग प्वाइंट और निर्णायक बने। शेफाली को विश्व कप टीम से बाहर रखा गया था। वह रिजर्व खिलाड़ी भी नहीं थी, लेकिन अंतिम मुकाबले के लिए उन्हें अचानक बुलाया गया, क्योंकि सलामी बल्लेबाज प्रतीका रावल चोटिल हो गई थीं। शेफाली ने 87 रन ( 78 गेंद ) की सर्वश्रेष्ठ पारी ही नहीं खेली, बल्कि सलामी जोड़ीदार स्मृति मंधाना के साथ 104 रनों ( 106 गेंद ) की साझेदारी भी निभाई और खेल को एक ठोस शुरूआत दी। महिला एकदिनी क्रिकेट विश्व कप के 13 संस्करणों के इतिहास में यह सिर्फ दूसरी बार हुआ, जब सलामी जोड़ी ने फाइनल मुकाबले में शतकीय साझेदारी की है। शेफाली ने प्रतिद्वंद्वी टीम के दो प्रमुख बल्लेबाजों-लुस और काप-को भी आउट किया। इस तरह शेफाली ने विश्व कप अर्द्धशतक और 2 विकेट चटकाने की दोहरी उपलब्धि भी हासिल की। दीप्ति शर्मा ने विश्व कप में 215 रन ठोंके और 22 सर्वाधिक विकेट लेकर एक और इतिहास रचा। विश्व कप के इतिहास में एक और कीर्तिमान दीप्ति के नाम दर्ज हो गया, लिहाजा उन्हें ।प्लेयर ऑफ दि टूनार्मेंट। के सम्मान से नवाजा गया। शेफाली को प्लेयर आफ दि मैच। आंका गया और सम्मानित किया गया। दीप्ति ने ही अफ्रीकी टीम की विस्फोटक बल्लेबाज एवं कप्तान लॉरा वोल्वार्ट ( 101 ) को आउट किया और वहीं से खेल टीम इंडिया के पाले में सरक आया। हमारी सलामी बल्लेबाज एवं उपकप्तान स्मृति मंधाना ने भी कुल 434 रन बनाए, जो विश्व कप के एक संस्करण में किसी भी भारतीय बल्लेबाज का सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन है। स्मृति लॉरा ( 571 रन ) के बाद दूसरे स्थान पर रहीं। भारत में महिला क्रिकेट काफी उपेक्षित रही है। पुरुष खिलाडि ?ों की तुलना में महिला क्रिकेटरों के वेतन, भत्ते, अनुबंध, रिटायरमेंट के बाद की सुविधाएं और पैकेज आदि बहुत कम हैं। बीसीसीआई ने कुछ साल पहले ही महिला क्रिकेट का प्रभार संभाला है। अब महिलाएं भी विश्व चैम्पियन हैं और यह निरंतरता बरकरार रहनी चाहिए।

## मोनिका डागा

## वूमेन्स वर्ल्ड कप 2025

## कविता



नई ऐतिहासिक जीत के जश्न का दमदार आगाज किया है,
घर में छुपी बंद मुस्कुराहटों को बिखेरने का साज दिया है,
बेटियों ने बेटियों को भविष्य का एक सुंदर ख़्वाब दिया है,
बुलंद हौसलों से कठिनाइयों को मुँह तोड़ जवाब दिया है ।

तोड़कर बंदिशें तपस्या से दृढ़ संकल्प को संजीव किया है,
प्रतिभाशाली व्यक्तिव से जड़ों को मजबूत अतीव किया हैं
ख़्वाबों को हक ीकत की धरातल पर श्रम से रंगीन किया है,
खुशियों के ऑसू दे धड़कनों को ₹आनंद₹ यूँ नवीन दिया हैं ।

पैनी नजर लक्ष्य की पकड़ संग धैर्य का समावेश किया है,
हार को जीत में ढालना है संभव श्रेष्ठतम परिवेश दिया हैं,
आत्म विश्वास और उत्साह की किरणों का प्रकाश दिया हैं,
अरबों आंखों में पल रहे रंगीन सपनों को आकाश दिया है ।

सपीर्ले रास्तों पर पसीने का चमकता शीतल चंदन दिया है,
भारत का ही नहीं विश्व की धड़कनों को नया स्पंदन दिया है,
संगठन की ताकत और समर्पण का जज्बा प्रस्तुत किया है,
जीत कर वूमेन्स वर्ल्ड कप अलग उदाहरण अद्भुत दिया हैं ।

खुद पर करना होगा यकीं ऐसा महत्वपूर्ण अभ्यास दिया हैं,
जोर शोर हिलोर मचाने को रचने को नया इतिहास दिया है,
नीली जर्सी में बेटियों ने शानदार जीत को अंजाम दिया हैं,
दबी चाहतों को अर्जुन के तीर सा लक्ष्यभेदी पैगाम दिया हैं ।

स्वामी, मुद्रक एवं प्रकाशक ललित कुमार द्वारा वेलकम इंडिया प्रिन्टर्स, 1/26, साउथ साइड, जी टी रोड़, गाजियाबाद-201001 से मुद्रित कराकर ग्राउन्ड फ्लोर , दुर्गा टॉवर, आर.डी.सी राजनगर, गाजियाबाद 201002 से प्रकाशित किया । संपादक : ललित शर्मा
सम्पर्क सूत्रः 9891116568

किसी कानूनी विवाद की स्थिति में निपटारा गाजियाबाद न्यायालय में ही होगा।

# हमारा कर्म ही हमारा भविष्य हैं- धार्मिक, सामाजिक आध्यात्मिक और राजनीतिक दृष्टि से एक गहन विश्लेषण



गोंदिया





वैश्विक स्तरपर मानव जीवन का सबसे बड़ा सत्य यह है कि कर्म के बिना कोई फल नहीं। जो बोएगा वही पाएगा, तेरा किया आगे आएगायह केवल एक कहावत नहीं बल्कि समूचे जीवन का सिद्धांत है। यह वाक्य धार्मिक, सामाजिक, आध्यात्मिक और राजनीतिक, चारों स्तरों पर समान रूप से लागू होता है। हर धर्म, हर दर्शन और हर सभ्यता ने किसी न किसी रूप में कर्म के परिणाम को स्वीकार किया है। मैं एडवोकेट किशन सनमुखदास भावनानी गोंदिया महाराष्ट्र यह मानता हूं कि आज जब दुनियाँ तेज रफ़्तार से आगे बढ़ रही है, तब यह पंक्ति हमें चेतावनी देती है कि हर क्रिया का परिणाम निश्चित है, चाहे वह व्यक्ति का कर्म हो या राष्ट्र की नीतियाँ।

साथियों बात अगर हम इस बात को धार्मिक दृष्टिकोण से देखकर समझने की करें तो, ईश्वर न्यायकारी है, पर कर्म निर्णायक हैं, हर धर्म की आत्मा में कर्म का सिद्धांत रचा-बसा है।हिंदू धर्म में कहा गया है, ।कर्मण्येवाधिकारस्ते मा फलेषु कदाचन।अर्थात मनुष्य का अधिकार केवल कर्म करने में है, फल की चिंता उसे नहीं करनी चाहिए, क्योंकि फल तो उसके कर्मों का ही परिणाम है। भगवान श्रीकृष्ण ने गीता में स्पष्ट किया कि अच्छे कर्म शुभ फल लाते हैं, और अधर्म विनाश का कारण बनता है।बौद्ध धर्म में भी यही सिद्धांत ।कर्म। और ।कर्मफल। के रूप में समझाया गया है, कि प्रत्येक प्राणी अपने कर्मों से ही पुनर्जन्म या मुक्ति प्राप्त करता है।इस्लाम में भी कुरान कहता है कि ।हर आत्मा अपने कर्मों के बदले जवाबदेह होगी।। इसी प्रकार ईसाई धर्म में यह वाक्य मिलता है।एस यू सॉव, सो शेल्ल यू रीप. । यानी जो तुम बोओगे, वही काटोगे, इन सब धर्मों का निष्कर्ष यही है कि ईश्वर निष्पक्ष है, परंतु कर्म ही भविष्य का मार्ग प्रशस्त करते हैं। साथियों बात अगर हम इस बात को आध्यात्मिक दृष्टिकोण से समझने की कोशिश करें तो, कर्म ही आत्मा की यात्रा का साधन, आध्यात्मिकता का उद्देश्य केवल मोक्ष या मुक्ति नहीं, बल्कि आत्म-साक्षात्कार है। आत्मा शाश्वत है, परंतु उसके अनुभव कर्मों से निर्मित होते हैं। यदि कोई व्यक्ति प्रेम, सत्य और दया का बीज बोता है, तो उसकी आत्मा शांति और आनंद का फल प्राप्त करती है। परंतु यदि वह घृणा, लोभ और हिंसा का बीज बोता है, तो उसका परिणाम पीड़ा और अशांति के रूप में सामने आता है। आध्यात्मिक दृष्टि से कर्म योग ही जीवन का परम मार्ग है, जब व्यक्ति बिना स्वार्थ, बिना अहंकार, केवल कर्तव्य भावना से कार्य करता है, तब वह ईश्वर के समीप पहुँचता है।आज के युग में जब तनाव, प्रतिस्पर्धा और असंतोष बढ़ गया है, तब यह संदेश अत्यंत प्रासंगिक है कि मनुष्य का प्रत्येक कर्म उसके भीतर ऊर्जा के रूप में अंकित होता है। वही ऊर्जा भविष्य में सुख या दुख के रूप में उसे लौटती है। साथियों बात अगर हम इस बात को सामाजिक दृष्टिकोण से समझने की करें तो, जैसा समाज बोएगा, वैसा ही फल पाएगा, समाज व्यक्तियों से बनता है, और व्यक्तियों के कर्मों का सम्मिलित प्रभाव ही समाज की दिशा तय करता है।, यदि समाज शिक्षा, समानता, और सेवा का बीज बोता है, तो वह प्रगति, शांति और भाईचारे का फल पाता है।पर यदि समाज जातिवाद, भ्रष्टाचार, हिंसा और असहिष्णुता का बीज बोता है, तो उसका परिणाम अव्यवस्था, गरीबी और विघटन के रूप में प्रकट होता है।भारत जैसे देश में, जहाँ ।वसुधैव कुटुम्बकम्। का आदर्श रहा है, वहां आज भी यह पंक्ति सामाजिक नैतिकता की रीढ़ है।हर नागरिक यदि अपने स्तर पर ईमानदारी, सह-अस्तित्व और सेवा की भावना अपनाए, तो राष्ट्र स्वयं बदल जाएगा सामाजिक विज्ञान कहता है कि ।सामूहिक कर्म संस्कृति बनाते हैं।, और संस्कृति राष्ट्र की पहचान। इसलिए समाज का प्रत्येक कदम आने वाली पीढ़ियों का बीज है, जैसा आज हम बो रहे हैं, वैसा ही कल हमारा समाज पाएगा। साथियों बातें कर हम इस बात को राजनीतिक दृष्टिकोण से समझने की करें तो, राजनीति में भी कर्मफल का अटल नियम हैं, राजनीति वह मंच है जहाँ राष्ट्र का भाग्य लिखा जाता है। परंतु यहाँ भी कर्म का सिद्धांत उतना ही प्रबल है।जो नेता जनता के विश्वास को तोड़ते हैं, जो सत्ता के लिए झूठ और छल का सहारा लेते हैं, उन्हें इतिहास भुला देता है।राजनीतिक इतिहास साक्षी है कि जिन शासकों ने न्याय, सेवा और जनहित का बीज बोया, वे युगों-युगों तक पूजे गए।महात्मा गांधी ने सत्य और अहिंसा का बीज बोया, और आज भी उनका नाम मानवता का प्रतीक है। वहीं, जिन तानाशाहों ने अत्याचार और अहंकार का बीज बोया, उन्हें इतिहास ने धूल में मिला दिया। आधुनिक राजनीति में भी ।कर्म का फल। तत्काल या दीर्घकाल में सामने आता है। जो सरकारें जनता के हित में कार्य करती हैं, उन्हें पुनः जनादेश मिलता है; और जो केवल वादों का बीज बोती हैं, वे पराजित होती हैं।इसलिए राजनीति में भी यह सिद्धांत अमर है, ।तेरा किया आगे आएगा।। राजनीतिक नैतिकता और कर्मफल का सन्देश-जब राजनीति केवल सत्ता प्राप्ति का साधन बन जाए, तब ।कर्मफल सिद्धांत। सबसे बड़ा सुधारक सिद्ध होता है।राजनेता, जो आज झूठे वादे बोते हैं, उन्हें कल जनता की नाराजगी का फल मिलता है।जो नेता सेवा और समर्पण बोते हैं, उन्हें इतिहास सम्मान देता है।भारत, अमेरिका, जापान, दक्षिण अफ्रीका या ब्रिटेन, हर लोकतंत्र में यह नियम समान रूप से लागू है कि जनता वही पाती है, जो उसने चुना है; और नेता वही पाते हैं, जो उन्होंने बोया है। साथियों बात अगर हम कर्म, भाग्य और विज्ञान ऊर्जा के परिपेक्ष में के संरक्षण का सिद्धांत को समझने की करें तो

यह सिद्धांत केवल धार्मिक नहीं, बल्कि वैज्ञानिक दृष्टि से भी सत्य है।भौतिकी का ।एनर्जी कंसर्वेशन लॉ ।कहता है कि ऊर्जा कभी नष्ट नहीं होती, केवल रूप बदलती है।ठीक वैसे ही मनुष्य के कर्म भी ऊर्जा के रूप में ब्रह्मांड में अंकित रहते हैं। जबव्यक्ति कोई अच्छा या बुरा कार्य करता है, तो उसकी ऊर्जा लौटकर उसी के जीवन में किसी रूप में प्रभाव डालती है।आधुनिक मनोविज्ञान भी मानता है कि व्यक्ति का व्यवहारिक कर्म उसकी मानसिक स्थिति का दर्पण होता है।जो व्यक्ति नकारात्मक कर्म करता है, वह भीतर से अशांत रहता है। जो व्यक्ति सकारात्मक कर्म करता है, उसके चेहरे पर आत्मविश्वास और संतोष झलकता है।बहुत से लोग अपने जीवन की कठिनाइयों को भाग्य या किस्मत पर डाल देते हैं। परंतु वास्तव में भाग्य भी पूर्व कर्मों का परिणाम है।गीता में कहा गया है कि ।कर्म बीज है और भाग्य उसका फल।। यदि कोई व्यक्ति आलस्य, अज्ञान या भय का बीज बोता है, तो उसका भाग्य उसी के अनुसार फल देता है।कर्मशील व्यक्ति अपना भाग्य स्वयं गढ़ता है। राष्ट्र भी यही सिद्धांत अपनाते हैं, जिन्होंने परिश्रम, अनुशासन और नवाचार का बीज बोया, वे विश्व में अग्रणी बने; जिन्होंने लापरवाही, भ्रष्टाचार और विभाजन का बीज बोया, वे पिछड़ गए। साथियों बात अगर हम इस बात को वैश्विक स्तर पर आधुनिक परिप्रेक्ष्य में समझने की करें तो वैश्विक स्तर पर कर्म का प्रभाव- आज विश्व एक ।ग्लोबल विलेज। बन चुका है। एक देश के कर्म दूसरे देश को भयंकर प्रभावित करते हैं।जलवायु परिवर्तन का भयंकर युद्ध, आतंकवाद या शांति, सब किसी न किसी राष्ट्र या समूह के कर्मों का परिणाम हैं।जो देश पर्यावरण की अनदेखी करते हैं, वेप्राकृतिक आपदाओं का सामना करते हैं।जो राष्ट्र शांति और सहयोग की नीति अपनाते हैं, वे स्थिरता और समृद्धि का फल पाते हैं।इस प्रकार ।जैसी करनी वैसी भरनी। केवल व्यक्ति का नहीं, बल्कि पूरे वैश्विक समाज का नियम बन चुका है।मानवता के स्तरपर, कर्म का सार्वभौमिक संदेश-कर्म का यह सिद्धांत मानवता के लिए सबसे बड़ा नैतिक मार्गदर्शन है। यह कहता है कि हर मनुष्य अपने कर्मों से ही ईश्वर का प्रतिनिधि बन सकता है।यदि हर व्यक्ति अपने जीवन में सत्य, करुणा और सेवा का बीज बोए, तो पूरी पृथ्वी स्वर्ग बन सकती है। ।तेरा किया आगे आएगा।, यह हमें चेताता है कि हमारे हर शब्द, हर विचार और हर कार्य का असर इस सृष्टि पर पड़ता है।इसलिए जीवन में विवेक और संवेदना का बीज बोना ही सच्चा धर्म है। अतः अगर हम उपरोक्त पूरे विवरण का अध्ययन कर इसका विशेषण करें तो हम पाएंगे कि कर्म का बीज, जीवन का फल, अंततः यह कहा जा सकता है कि ।जो बोएगा वही पाएगा। केवल एक वाक्य नहीं, बल्कि जीवन का शाश्वत नियम है।धर्म इसे ईश्वर का न्याय कहता है, समाज इसे नैतिकता का आधार, अध्यात्म इसे आत्म- साक्षात्कार का मार्ग, और राजनीति इसे उत्तरदायित्व का दर्पण।यदि हम चाहते हैं कि हमारा भविष्य सुखमय, राष्ट्र समृद्ध और विश्व शांतिपूर्ण बने, तो हमें आज ही सद्कर्म का बीज बोना होगा।क्योंकि जैसा कर्म हम करेंगे, वैसा ही परिणाम हमें मिलेगा, ।तेरा किया आगे आएगा, सुख- दुख है फल कर्मों का, जैसी करनी वैसी भरनी।

# त्योहारों पर मेहमानों को खिलाएं 5 फ्लेवर का पोटली समोसा, हर कोई पूछेगा रेसिपी



समोसा खाना लगभग हम सभी को पसंद होता है। लेकिन अगर आप भी आलू वाला समोसा खाकर बोर हो गई हैं। तो अब आप थोड़ा नया और मजेदार पोटली समोसा ट्राई करें। जितना प्यारा इसका नाम है, उतना ही इसका लुक और टेस्ट भी लाजवाब होता है। समोसा खाना लगभग हम सभी को पसंद होता है। यह एक परफेक्ट स्नैक है, लेकिन अगर आप भी आलू वाला समोसा खाकर बोर हो गई हैं। तो अब आप थोड़ा नया और मजेदार पोटली समोसा ट्राई करें। जितना प्यारा इसका नाम है, उतना ही इसका लुक और टेस्ट भी लाजवाब होता है। गोल-गोल छोटी पोटली जैसी शेप में बना यह समोसा अंदर से टेस्टी और क्रिस्पी होता है। खास बात यह है कि आप इसको 5 अलग-अलग फ्लेवर में तैयार कर सकती हैं। जिससे कि हर बार इसका स्वाद अलग और नया लगे। आप त्योहारों में इसको स्नैक्स की तरह भी बना सकती हैं। ऐसे में आज इस आर्टिकल के जरिए हम आपको बताने जा रहे हैं कि आप कौन-कौन से फ्लेवर में पोटली समोसा बनाकर तैयार कर सकती हैं। वहीं यह मेहमानों को भी बेहद पसंद आएगा।

**आलू मसाला पोटली समोसा:** आलू मसाला वाला पोटली समोसा सबसे पसंदीदा और क्लासिक फ्लेवर है। इसको बनाने के लिए उबले आलू, हरी मिर्च, मटर, अदरक और थोड़ा सा गरम मसाला मिलाकर फिलिंग तैयार कर लें। अब पतली मैदा की पोटली बनाकर फीलिंग करें और इसके किनारे को पोटली शेप दें। अब तेल में इसको सुनहरा होने तक तलें। इस समोसे का स्वाद करीब-करीब हर किसी को पसंद आएगा।

**पनीर पोटली समोसा:** अगर आप भी रिच फ्लेवर चाहती हैं, तो आपको एक बार पनीर पोटली समोसा ट्राई करना चाहिए। इसके लिए पनीर को मैश या ग्रेट करके इसमें हरी मिर्च, धनिया, प्याज और नमक डालकर अच्छे से मिक्स करें। आप चाहें तो इसमें चीज भी मिला सकती हैं। अब इसको पोटली की तरह बंद कर दें। यकीनन पनीर पोटली समोसा बच्चों से लेकर बड़ों तक सभी को पसंद आएगा।

**वेज मिक्स पोटली समोसा:** अगर आपके बच्चे भी सब्जियां खाने में आनाकानी करते हैं, तो आप उनको वेज मकि ?स पोटली समोसा बनाकर खिला सकती हैं। इसको बनाने के लिए बीन्स, मटर, गाजर, पत्तागोभी और कॉर्न जैसी सब्जियों को बारीक काटकर हल्का भून लें। फिर इसमें काली मिर्च, नमक और थोड़ा सा सोया सॉस डालें। यह फ्लेवर इंडो चाइनीज जैसा लगेगा। वहीं बच्चे भी इसको स्वाद लेकर खाएंगे।

**ड्राई फ्रूट्स वाला पोटली समोसा:** अगर आप भी त्योहारों के मौसम में मेहमानों और बच्चों को कुछ रॉयल बनाकर खिलाना चाहती हैं, तो आप ड्राई फ्रूट्स वाला पोटली समोसा ट्राई कर सकती हैं। इसके लिए बादाम, किशमिश, काजू, खोया और इलायची पाउडर मिलाकर स्टफिंग तैयार करें। फिर इसकी पोटली बांधकर घी में फ्राई करें। फिर ऊपर से शहद या फिर चीनी की हल्की चाशनी डाल दें। यह मीठा पोटली समोसा खाने में बेहद टेस्टी होता है।

**चीज-गार्लिक पोटली समोसा:** अगर आप चीज लवर हैं, तो चीज-गार्लिक पोटली समोसा आपके लिए बना है। इसके लिए बटर में थोड़ा सा लहसुन भून लें और लहसुन को मैश करके इसमें ओरेगानो, चीज और थोड़ा सा नमक मिलाएं। ये स्टफिंग पोटली समोसे को जबरदस्त टेस्ट देगा। इसको डीप फ्राई करें और सर्व करें। वहीं बच्चों को चीज गार्लिक पोटली समोसे का स्वाद काफी पसंद आएगा।

# कम मेहनत में जले बर्तनों को चमकाने का राज, ये 3 हैक्स कर देंगे काम आसान



कई बार ऐसा होता है कि जाने-अंजाने में खाना बनाते समय बर्तन जल जाते हैं। इन जले हुए बर्तनों को साफ करना काफी मुश्किल काम लगता है। आज हम आपको 3 ऐसे घरेलू नुस्खों के बारे में बताने जा रहे हैं, जिनको अपनाकर आप किचन के जले हुए बर्तनों को आसानी से नए जैसे चमका सकती हैं। कई बार ऐसा होता है कि जाने-अंजाने में खाना बनाते समय बर्तन जल जाते हैं। इन जले हुए बर्तनों को साफ करना काफी मुश्किल काम लगता है। डिटर्जेंट और स्क्रब से भी जले हुए बर्तन आसानी से नहीं साफ होते हैं। ऐसे में अगर आपसे भी खाना बनाते समय बर्तन जल जाते हैं, जिनको साफ करना मुश्किल होता है, तो अब इन बर्तनों को आप चुटकियों में साफ कर सकती हैं। वह भी बिना ज्यादा मेहनत के इन बर्तनों को नए जैसे चमकदार बना सकती हैं। ऐसे में आज इस आर्टिकल के जरिए हम आपको 3 ऐसे घरेलू नुस्खों के बारे में बताने जा रहे हैं, जिनको अपनाकर आप किचन के जले हुए बर्तनों को आसानी से नए जैसे चमका सकती हैं।

**सिरका और बेकिंग सोडा:** अगर किचन के बर्तन जल गए हैं, तो इन बर्तनों को साफ करने के लिए 2-3 चम्मच बेकिंग सोडा जले हिस्से में डालें। फिर इसके ऊपर 1-2 चम्मच सफेद सिरका डालें। फिर इसको 15-20 मिनट के लिए ऐसे ही छोड़ दें। इसके बाद स्पंज या फिर ब्रश की मदद से हल्के हाथों से बर्तन को साफ करें। इस नुस्खे से बर्तन नए जैसे चमकने लगेंगे।

**बेकिंग सोडा और पानी:** बर्तनों को साफ करने के लिए बेकिंग सोडा भी मददगार होता है। अगर जले हुए बर्तन साफ नहीं हो रहे हैं, तो बेकिंग सोडा को पानी में मिलाकर गाढ़ा पेस्ट बना लें। अब इस पेस्ट को बर्तन के जले हुए हिस्से में लगाएं और 10 मिनट के लिए छोड़ दें। फिर साफ पानी से बर्तन को धोकर साफ कर लें। इस आसान तरीके से बर्तनों में नए जैसी चमक आएगी और जला हुआ दाग भी आसानी से निकल जाएगा।

**साबुन और गरम पानी:** जले हुए बर्तनों को साफ करने के लिए गरम पानी में डिटर्जेंट मिलाएं। फिर 15-20 मिनट के लिए इन बर्तनों को पानी में भिगोकर रखें। अब स्पंज से धीरे-धीरे रगड़ें। इस दौरान ध्यान रखें कि बर्तनों को तेजी से न रगड़ें। आप ऊपर बताए गए इन तरीकों से जले हुए बर्तनों को आसानी से चमका सकती हैं।

# थाना सैफनी रामपुर पुलिस द्वारा तीनो नये आपराधिक कानून के संबंध में किया गया जागरुक

**वेलकम इंडिया गुलजार आलम**

**रामपुर।** थाना सैफनी रामपुर पुलिस द्वारा थाना क्षेत्रान्तर्गत ग्राम लोधो वाला मझरा में चौपाल लगाकर महिलाओं/बालिकाओं एवं सवलियान प्राथमिक विद्यालय ग्राम लोधो वाला मझरा में छात्र-छात्राओं को भारतीय न्याय संहिता, भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता एवं भारतीय साक्ष्य अधिनियम (तीनों नए कानूनों) के संबंध में जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम के दौरान थाना सैफनी पुलिस द्वारा इन नए कानूनों के प्रमुख प्रावधानों, सुधारों तथा इनके व्यवहारिक उपयोग की जानकारी दी गई। उनके द्वारा बताया गया कि ये तीनों कानून भारतीय न्याय व्यवस्था में आमूलचूल परिवर्तन लाने वाले हैं, जिनका उद्देश्य न्याय प्रक्रिया को अधिक पारदर्शी, त्वरित एवं पीड़ित केंद्रित बनाना है। इस अवसर पर सभी को नए कानूनों की बारीकियों को समझने, अपने कर्तव्यों के निर्वहन में इनका पालन करने तथा आम नागरिकों को भी इनके प्रति जागरूक करने हेतु प्रेरित किया।

कार्यक्रम में नये आपराधिक कानूनों की विशेषतायें, जैसे- जीरो एफआईआर ई-एफआईआर समयबद्ध न्याय महिला एवं बाल संरक्षण के प्राविधान नये अपराध प्रौद्योगिकी और फोरेंसिक के उपयोग से संबंधित प्राविधान पीडित-केन्द्रित प्राविधान आदि पर जागरुकता कार्यक्रम में विशेष रुप से प्रकाश डाला गया।



# बसपा जिला कार्यालय पर मीटिंग का हुआ आयोजन

**वेलकम इंडिया**

बुलंदशहर बसपा जिला कार्यालय पर मीटिंग का आयोजन किया गया बैठक में मुख्य अतिथि जाकिर मलिक रहे जिसमें जाकिर मलिक ने कहा कि अब हम सभी को एकजुट होकर बसपा को मजबूत करना है और गांव गांव जाकर बूथ ब्लॉक मजबूत करने हैं जिसके लिए बसपा का हर एक कार्यकर्ता अभी से ही पार्टी को मजबूत करने के लिए जुट जाएं ताकि आने वाले जिला पंचायत चुनाव व 2027 के विधानसभा चुनाव में बसपा मजबूती के साथ जीत हासिल करें और हमारी बसपा की राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं पूर्व मुख्यमंत्री बहन कुमारी मायावती फिर एक बार मुख्यमंत्री बनकर उत्तर प्रदेश का विकास करें वहीं उन्होंने बसपा का संगठन का विस्तार करते हुए अन्य पार्टी से आगे लोगों को बसपा की सदस्यता दिलाई और सभी नए सदस्यों ने बसपा की सदस्यता ग्रहण करते हुए संकल्प लिया कि बसपा को मजबूत करेंगे और बसपा की नीतियों विचारधारा पर कार्य करेंगे इस मौके पर मंडल प्रभारी संजय मास्टर मंडल प्रभारी कमल राजन बसपा जिला अध्यक्ष रविंद्र प्रधान जिला महासचिव हरि सिंह बघेल विधानसभा प्रभारी रवि निगम संजय प्रधान बबलूः नवाब सिंह जौनी चौधरी राहुल राव गजराज सिंह बलराज सिंह सतीश कुमार धर्मपाल सिंह तेजपाल सिंह सतीश सागर यशपाल गुरु जी तमाम बसपा की पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता मौजूद रहे।



# दिन दहाड़े बंद मकान में चोरी की सूचना पर दौड़ी अगौता पुलिस

**वेलकम इंडिया**

बुलंदशहर/अगौता थाना पुलिस को एक व्यक्ति ने अपने घर में ताले तोड़ कर अज्ञात बदमाशों द्वारा नकदी गहने चुरा लिए जाने की सूचना दी। दिन दहाड़े ताले तोड़ कर मकान में चोरी की सूचना मिलते ही पुलिस में हड़कंप मच गया। थाना प्रभारी मय पुलिस फोर्स मौके पर पहुंचे और फारेंसिक टीम को मौके पर बुलाया और जांच पड़ताल शुरू कर दी। गनीमत रही कि तमाम नकदी गहने सुरक्षित मकान में मिले एक टिफिन में मिले। तब जाकर पुलिस ने राहत की सांस ली। रविवार की दोपहर चंद्रपाल सिंह पुत्र तेजपाल सिंह निवासी गांव किसौली में अज्ञात बदमाशों द्वारा दिन दहाड़े ताले तोड़ कर नकदी गहने चुरा ले जाने की सूचना दी गई। सूचना मिलते ही थाना प्रभारी अगौता अतुल कुमार चौहान मय पुलिस पार्टी मौके पर पहुंचे और फारेंसिक टीम को मौके पर बुलाया। जांच पड़ताल शुरू की गई। बताया जाता है कि चंद्रपाल सिंह की पत्नी और बच्चे ब्रजघाट गंगा स्नान के लिए गए हुए थे और खुद चंद्रपाल सिंह घर का ताला लगाकर जिला पंचायत अध्यक्ष अंशुल तेवतिया के यहां दावत में शामिल होने गये थे। लौट कर आए तो घर के ताले टूटे मिले और घर का सामान अलमारी सेफ आदि अस्त-व्यस्त मिले। ग्रह स्वामिनी को भी बुलाया गया। तलाश करने पर तमाम सोने चांदी के जेवरात एक टिफिन बॉक्स में सुरक्षित मिल जाने से सबने राहत की सांस ली। हालांकि एक मंगलसूत्र गायब हो जाने की तहरीर दी गई है। पुलिस जांच पड़ताल कर रही है।

# मुख्य चिकित्साधिकारी ने प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र, चमरौआ का किया औचक निरीक्षण

**वेलकम इंडिया गुलजार आलम**

**रामपुर।** मुख्य चिकित्साधिकारी डा0 दीपा सिंह रविवार को प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र, चमरौआ पहंची, जहां उन्होंने मुख्यमंत्री आरोग्य मेला का औचक निरीक्षण किया।

निरीक्षण के दौरान आरोग्य मेले में तैनात डॉक्टर द्वारा 09 मरीज देखे जा चुके थे, जिसका विवरण ओ०पी०डी० रजिस्टर में अंकित पाया गया।पूर्व दिवस 01नवम्बर, 2025 को कुल 174 नये मरीज का पंजीकरण हुआ पाया गया। सफाई व्यवस्था संतोषजनक पायी गयी।

मुख्य चिकित्साधिकारी ने डॉट्स प्रयोगशाला, पैथोलॉजी लैब और मेडिसिन स्टॉक बुक रजिस्टर का गहनता से निरीक्षण किया। उन्होंने एन0बी0एस0यू0 यूनिट के निरीक्षण में पांच रेडियंट वार्मर व एक फोटो थेरेपी मशीन संचालित अवस्था में नहीं मिली, जिस पर नाराजगी व्यक्त करते हुए सीएमओ ने प्रभारी चिकित्सा अधिकारी को निर्देशित किया कि राज्य स्तर से प्राप्त दिशा निर्देशानुसार एन0बी0एस0यू0 यूनिट को यथाशीघ्र संचालित कराना सुनिश्चित करें। उन्होंने डिलीवरी रूम का निरीक्षण किया। इस दौरान मौके पर मौजूद प्रसूति नूर का वैक्सीनेशन कार्ड मोमिनपुर की ए०एन०एम० एवं आशा द्वारा पूरा नहीं भरने पर सीएमओ द्वारा नाराजगी व्यक्त करते हुए ए०एन०एम० एवं आशा के स्पष्टीकरण हेतु प्रभारी चिकित्सा अधिकारी को निर्देशित किया गया। बी०पी०एच०यू० यूनिट में लैब की मशीनें पूरी तरह चालू न पाये जाने पर सीएमओ ने प्रभारी चिकित्सा अधिकारी को निर्देशित किया कि यह यूनिट पूर्ण रूप से संचालित करने के लिए पत्राचार करना सुनिश्चित करें जिससे जन मानस को सभी प्रकार की जांचो की सुविधा निःशुल्क मिल सके। प्रभारी चिकित्साधिकारी ने बताया कि पिछले माह 20 सितम्बर से 21 अक्टूबर तक 137 प्रसव और 21 अक्टूबर से 02 नवम्बर, 2025 तक 55 प्रसव हुये हैं। निरीक्षण के दौरान सीएमओ ने समस्त स्टाफ को निर्देशित किया कि आम जन मानस को समस्त चिकित्सीय सुविधायें मधुर व्यवहार के साथ निःशुल्क उपलब्ध करायी जाये।

निरीक्षण के दौरान प्रभारी चिकित्सा अधिकारी डा० नवीन रस्तोगी, चिकित्सा अधिकारी डा० पुनीत कुमार शर्मा, स्टाफ नर्स श्रीमती नगमा सहित समस्त कर्मचारी मौजूद रहे।



# अल्मोड़ा मैग्नेसाइट कर्मियों को हर हाल में 25 नवंबर तक वेतन दें एमडी/डीएम





**वेलकम इंडिया**

**बागेश्वर,** गोविन्द मेहता, जिलाधिकारी आकांक्षा कोंडे अल्मोड़ा मैग्नेसाइट में फैक्ट्री कर्मियों द्वारा वेतन नही मिलने की शिकायत पर सख्त रवैया अपनाते हुए चार सदस्यीय जांच कमेटी गठित कर प्रत्येक एंगल से मामले की जांच करने के निर्देश दिए।जिसके बाद सोमवार को जिलाधिकारी आकांक्षा कोंडे ने अल्मोड़ा मैग्नेसाइट लिमिटेड के कर्मचारियों की समस्याओं के समाधान हेतु संबंधित अधिकारियों एवं कंपनी प्रतिनिधियों के साथ बैठक की। बैठक में उन्होंने कंपनी प्रबंधन को सख्त निर्देश दिए कि सभी कर्मचारियों का वेतन 25 नवम्बर तक हर हाल में अदा किया जाए। जिलाधिकारी ने स्पष्ट किया कि यदि निर्धारित तिथि तक वेतन भुगतान नहीं किया गया, तो कंपनी के विरुद्ध आवश्यक कार्यवाही की जाएगी। उन्होंने कहा कि जिला प्रशासन द्वारा फैक्ट्री प्रबंधन के खिलाफ गहनता से जांच कराकर स्थिति की गंभीरता से जानकारी ली जा रही है। कर्मचारियों को राहत दिलाने के लिए हरसंभव प्रयास किए जा रहे है। जिलाधिकारी ने ईपीएफओ अधिकारियों को कंपनी का शीघ्र ऑडिट पूर्ण करने के निर्देश दिए तथा कंपनी प्रबंधन को एक सप्ताह के भीतर कॉलोनी की विद्युत व्यवस्था सुचारू करने को कहा।डीएम ने सख्त लहजा अपनाते हुए जांच कमेटी को गहनता से जांच करने।फैक्टरी वर्करों के हितों के लिए उचित कार्रवाई करने, सहित फैक्ट्री प्रबंधन में सभी प्रकार से हुए लेन देन व्योरे का ऑडिट कराने, किसी भी प्रकार से किसी भी कर्मी के हितों की अनदेखी पाए जाने पर सभी पहलुओं की गम्भीरता से जांच।और एमडी से कम्पनी संचालन में हुए खर्च भविष्य निधि सहित आकस्मिक मद के फंड में हुए लेनदेन का विस्तृत ब्यौरा देने के निर्देश दिए।डीएम ने कंपनी में कर्मियों में उपजे भारी विरोध के पीछे क्या कारण है, कही किसी प्रकार से किसी भी कर्मी के हितों की अनदेखी या किसी भी प्रकार से कोई भेदभाव तो नही किया गया इसको लेकर भी जांच कर प्रत्येक पहलुओं की गहनता से जांच करने के निर्देश दिए हैं।डीएम ने प्रबंधन कमेटी कर्मियों को जांच में सभी कर्मियों को जिला प्रशासन द्वारा पूर्ण सहयोग करने का आश्वासन दिया।साथ ही जनप्रतिनिधियों द्वारा भी मैग्नेसाइट फैक्ट्री में कर्मियों के साथ भेदभाव पूर्ण रवैया अपनाते हुए कुछ लोगों पर एमडी द्वारा कृपा दृष्टि बनाने, और विरोध जताने पर कर्मियों को अनायास परेशान किए जाने के आरोप लगाते हुए डीएम से निष्पक्षता से जांच कर कारवाई करने की अपील की गई।जिस पर डीएम आकांक्षा कोंडे ने सभी लोगों को जिला प्रशासन द्वारा सभी कर्मियों को उनके अधिकारों के संरक्षण हेतु जांच में हरसंभव सहयोग देने का आश्वासन दिया।इस दौरान जिलाधिकारी एन. एस. नबियाल, कोषाधिकारी आकाश रघुवंशी, श्रम अधिकारी पूर्ण राम, जिला खनन अधिकारी नाजिया हसन, कंपनी के प्रबंध निदेशक योगेश शर्मा, तथा कर्मचारी उपस्थित रहे।

# सिविल सेवा परीक्षा की सेकंड लिस्ट (रिजर्व लिस्ट) जारी की गई जिसमें स्वप्नलि चौहान ने प्रथम स्थान प्राप्त किया



**वेलकम इंडिया : नितिन शर्मा**

**नूरपुर :** सिविल सेवा परीक्षा यूपीएससी के परिणाम में स्वप्नलि चौहान ने यूपीएससी परीक्षा परिणाम की सेकंड लिस्ट (रिजर्व लिस्ट) जारी हुई उसमें प्रथम स्थान प्राप्त किया है।

नूरपुर ब्लॉक क्षेत्र के ग्राम गोहावर जैत निवासी यश कुमार की पुत्री स्वप्नलि चौहान ने यूपीएससी परीक्षा परिणाम की सेकंड लिस्ट (रिजर्व लिस्ट) जारी हुई उसमें प्रथम स्थान प्राप्त कर अपने माता-पिता, ग्राम गोहावर जैत व बिजनौर जिले का नाम रोशन किया। स्वप्नलि चौहान ने कक्षा 6 से कक्षा 8 तक की पढ़ाई नवोदय विद्यालय सैन्दवार चांदपुर से की। 2010 में राष्ट्रीय प्रतिभा श्वोज परीक्षा (एनटीएसइ) पास की। 2012 में हाई स्कूल की परीक्षा एसएम आर्य पब्लिक स्कूल पंजाबी बाग दिल्ली से पास की। 2014 में 12वीं की परीक्षा पास की। 2013 में किशोर वैज्ञानिक प्रोससाइन योजना मे नंबर आया।

2014 में आईआईटी रुड़की इंजीनियरिंग में प्रवेश लिया। 2018 में आईआईटी रुड़की से इंजीनियरिंग पास की। 2018 से अब तक गोल्डमैन सच बैंक अमेरिका में कार्यरत है। स्वप्नलि चौहान ने 2020 से यूपीएससी की तैयारी शुरू की। स्वप्नलि चौहान के पिता यश कुमार (किसान), माता सुषमा देवी ग्रहणी है स्वप्नलि चौहान ने इस सफलता का श्रेय अपने पिता यश कुमार, माता सुषमा देवी को दिया है। स्वप्नलि चौहान का यूपीएससी में चयन होने पर परिवार में खुशी का माहौल है। स्वप्नलि चौहान को शुभकामनाएं देने वालों का तांता लगा हुआ है।

# प्रांतीय खेलकूद प्रतियोगिता में सरस्वती शिशु मंदिर नूरपुर का रहा दबदवा



**वेलकम इंडिया : नितिन शर्मा**

**नूरपुर :** प्रांतीय खेलकूद प्रतियोगिता में सरस्वती शिशु मंदिर नूरपुर का रहा दब दवा। विद्या भारती पश्चिम उत्तर प्रदेश मेरठ प्रांत द्वारा आयोजित शिशु वर्ग की एथलेटिक्स एवं टीम गेम प्रतियोगिता में सरस्वती शिशु मंदिर नूरपुर के भैया बहनों ने सहयोगिता करते हुए अपने-अपने वर्ग में उत्कृष्ट प्रदर्शन किया प्रतियोगिता की लगभग सभी प्रकार के खेलों में भैया बहनों ने अपना स्थान निर्धारित किया अंडर 11 की खो-खो टीम ने द्वितीय स्थान गोला और डिस्कस थ्रो में द्वितीय स्थान लंबी कूद में द्वितीय स्थान प्राप्त करते हुए अन्य प्रतियोगिताओं में भी अपने विद्यालय का नाम रोशन किया। विद्यालय के प्रधानाचार्य सुधीर कुमार ने प्रतियोगिता में सम्मिलित होने वाले भैया बहनों को विद्यालय स्तर पर सम्मानित किया साथ ही भविष्य में और उत्कृष्ट प्रदर्शन करने के लिए प्रेरित किया तथा अन्य भैया बहनों को भी इन भैया बहनों की भांति आगे बढ़ने के लिए प्रेरित किया।

# आर आर पब्लिक स्कूल में किया गया बास्केटबॉल प्रतियोगिता का आयोजन

**वेलकम इंडिया इंडिया : नितिन शर्मा**

## दिल्ली पब्लिक स्कूल बिजनौर की टीम ने आर आर पब्लिक स्कूल नूरपुर की टीम को हराकर ट्राफी पर कब्जा जमाया

**नूरपुर।** स्योहारा रोड़ स्थित आर आर पब्लिक स्कूल में एक दिवसीय बास्केटबॉल प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। दिल्ली पब्लिक स्कूल बिजनौर की टीम ने आर आर पब्लिक स्कूल नूरपुर की टीम को हराकर ट्राफी पर कब्जा जमाया।

आर आर पब्लिक स्कूल में आयोजित जनपद स्तरीय पुरुष वर्ग बास्केटबॉल चैंपियनशिप का शुभारंभ स्कूल के प्रधानाचार्य प्रणय मनु गुप्ता, उत्तर प्रदेश दिव्या भारती संगठन के प्रदेश अध्यक्ष योगेंद्र पाल सिंह योगी व अरविंद अहलावत ने संयुक्त रूप से फीता काटकर किया। स्कूल के कप्तान मयंक कुमार ने प्रतिभागियों को खेल प्रतिज्ञा दिलाई। चैंपियनशिप के फाइनल मुकाबले में डीपीएस पब्लिक स्कूल बिजनौर की टीम ने आर आर पब्लिक स्कूल नूरपुर को पराजित कर ट्राफी अपने नाम की।? आर आर पब्लिक स्कूल नूरपुर की टीम उपविजेता रही। मुख्य अतिथि योगेश्वर त्यागी, बिजनौर स्कूल सहोदर कंपलेक्स के सचिव इंद्रपाल व मौहम्मद राशिद ने विजेता एवं उपविजेता टीमों को ट्रॉफी और प्रमाण पत्र देकर सम्मान किया। एकदिवसीय बास्केटबॉल प्रतियोगिता में आर आर मोरारका पब्लिक स्कूल नजीबाबाद, सेंटमेरिज पब्लिक स्कूल धामपुर, दिल्ली पब्लिक स्कूल बिजनौर, दा हेजलमून स्कूल चांदपुर, बिजनौर पब्लिक स्कूल बिजनौर, साईं मिलियम पब्लिक स्कूल नहटौर , ग्रीन फील्ड पब्लिक स्कूल किरतपुर, आर आर पब्लिक स्कूल नूरपुर आदि टीमों के खिलाड़ियों ने प्रतिभाग किया।

कार्यक्रम का संचालन अजय चौहान ने किया। मैच की रेफरी अशोक त्यागी, सुजीत कुमार व आयुषी सिंघल ने की। प्रतियोगिता में उप प्रधानाचार्य टीकम सिंह, खेल शिक्षक जीवन सिंह, संजीव डबास, स्वाति यादव, चंचल कटारिया, कपिल कुमार, कपिल मलिक आदि का विशेष योगदान रहा।



# डीएम ने जनपद स्तरीय मातृ एवं शिशु स्वास्थ्य नियन्त्रण कक्ष का किया उद्घाटन

**वेलकम इंडिया**



**संतकबीरनगर।** जिलाधिकारी आलोक कुमार ने जनपद स्तरीय मातृ एवं शिशु स्वास्थ्य (एम0सी0एच0) नियन्त्रण कक्ष/जनपद स्तरीय वार रूम का फीता काट कर भव्य उ ?द्घाटन/शुभारंभ किया। इस अवसर पर मुख्य चिकित्साधिकारी डॉ0 रामानुज कनौजिया उपस्थित रहे।

जिलाधिकारी ने एम0सी0एच0 नियन्त्रण कक्ष का उद्घाटन करते हुए कहा कि जनपद स्तर पर स्थापित कंट्रोल रूम का उद्देश्य मातृ एवं शिशु स्वास्थ्य संबंधी परामर्श देना एवं जनहित में आवश्यकतानुसार व्यवस्थाएं सुनिश्चित करना आदि से संबंधित है।

उद्घाटन अवसर पर उपस्थित मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ0 रामानुज कनौजिया ने बताया कि जनपद स्तर पर स्थापित एमसीएच नियंत्रण कक्ष का हेल्पलाइन नंबर 7398374222 है, जिस पर जन सामान्य के लोग फोन कर मातृ एवं शिशु स्वास्थ्य संबंधी परामर्श ले सकते हैं, साथ ही साथ उन्होंने बताया कि एमसीएच नियंत्रण कक्ष का उद्देश्य आशाओं/ए.एन.एम. के माध्यम से निजी चिकित्सालयों में प्रसव हेतु गर्भवती महिलाओं को ले जाने की स्थिति में जनता द्वारा कन्ट्रोल रुम में सूचना उपलब्ध कराये जाने पर व्यवस्था सुनिश्चित करना जिससे सुरक्षित संस्थागत प्रसव को बढ़ावा मिलें। उच्च जोखिमयुक्त गर्भवती महिलाओं को सुरक्षित एवं संस्थागत प्रसव कराने हेतु उचित परामर्श देना। आम जनमानस द्वारा ए.एन.सी. एवं प्रसव सम्बन्धी प्राप्त शिकायतों का त्वरित निस्तारण कराना। 7 से 9 माह की गर्भवती महिलाओं का फालोअप करना तथा संस्थागत प्रसव हेतु प्रोत्साहित करना। सीवियर एनीमिक महिलाओं का प्रसव पूर्व एवं प्रसव के दौरान ब्लड की व्यवस्था हेतु सहयोग करना। नजदीकी स्वास्थ्य केन्द्र की जानकारी देना। संस्थागत प्रसव हेतु सही समय पर सही निर्णय लेने की सलाह देना।

## उपायुक्त खाद्य एवं रसद ने की समीक्षा, दिये सख्त निर्देश

**बस्ती/संतकबीरनगर।** अपर आयुक्त प्रशासन/उपायुक्त खाद्य एवं रसद मनोज कुमार तिवारी की अध्यक्षता में जिला पूर्ति कार्यालय जनपद संत कबीर नगर की समीक्षा बैठक जूम ऐप के माध्यम से की गयी। बैठक में शासन की प्राथमिकता के बिन्दु यथा के0पी0आई0 (पात्र/अपात्र) फ्लैगिंग, एस0एस0डी0जी0 राशनकार्ड आनलाईन आवेदन के निस्तारण की स्थिति, जनपद के ई0के0वाई0सी0 की स्थिति आदि की समीक्षा करने पर वि0ख0 हैसर बाजार, नाथनगर, न0प0-हैसर बाजार की प्रगति अत्यंत ही असंतोषजनक पायी गयी। क्षेत्रीय खाद्य अधिकारी/पूर्ति निरीक्षक को इस स्थिति में त्वरित सुधार करने के निर्देश दिये गये। उक्त के अतिरिक्त विकास खण्ड-सेमरियांवा, खलीलाबाद एवं नगर पंचायत क्षेत्र बेलहरकला में तैनात पूर्ति निरीक्षकों को भी के0पी0आई0 के अन्तर्गत पात्र-अपात्र फ्लैगिंग करने हेतु निर्देशित किया गया।

# डीएम व एसपी ने कार्तिक पूर्णिमा पर्व पर बिड़हरघाट का किया निरीक्षण



**वेलकम इंडिया**

**संतकबीरनगर।** जिलाधिकारी आलोक कुमार व पुलिस अधीक्षक संदीप कुमार मीना द्वारा दिनांक 05 नवंबर 2025 को कार्तिक पूर्णिमा पर्व पर श्रद्धालुओं द्वारा स्नान किए जाने के दृष्टिगत तहसील धनघटा अंतर्गत बिड़हरघाट पर सुविधाओं/ व्यवस्थाओं का स्थलीय निरीक्षण किया गया।

निरीक्षण के दौरान अधिकारीद्वय द्वारा घाट पर साफ-सफाई, श्रद्धालुओं के आवागमन के रास्तों पर यातायात व्यवस्था का सुचारू संचालन, सड़क सुरक्षा, गोताखोर की व्यवस्था, प्रकाश व्यवस्था सहित संबंधित व्यवस्थाओं/ सुविधाओं को सुनिश्चित करने हेतु संबंधित विभागों के अधिकारियों को निर्देश दिए गए ताकि श्रद्धालुओं को किसी प्रकार की समस्या का सामना न करना पड़े।

इस अवसर पर उप जिलाधिकारी धनघटा डॉ0 सुनील कुमार, पुलिस क्षेत्राधिकारी धनघटा प्रियम राजशेखर पांडेय, तहसीलदार धनघटा राम जी, ओएसडी राकेश कुमार सहित संबंधित अधिकारी आदि उपस्थित रहे।

## सार संक्षेप

### 02 अपराधियों/ अभियुक्तों को 06 माह के लिए जिला बदर करने का आदेश किया पारित

**संतकबीरनगर।** अपर जिला मजिस्ट्रेट जयप्रकाश द्वारा जनपद के 02 अपराधिक प्रवृत्ति के व्यक्तियों/अभियुक्तों को जनपद में दर्ज अपराधिक कृत्यों एवं वांछित धाराओं में दोषी पाये जाने के कारण कोर्ट की सुनवाई के उपरांत 06 माह के लिए जिला बदर करने का आदेश पारित किया गया है। न्यायालय अपर जिलाधिकारी (वि0/रा0) द्वारा कोर्ट की सुनवाई के उपरांत बीजेन्द्र प्रताप सिंह उर्फ अनिल सिंह पुत्र स्व0 शोहरत सिंह साकिन बेलबनवा थाना मेहदावल जिला संत कबीर नगर एवं सचिन पुत्र रामानन्द साकिन बजही थाना बखिरा जनपद सन्त कबीर नगर को 06 माह के लिए जिला बदर करने का आदेश पारित किया गया है।

### अतिक्रमित वाहनो का पुलिस ने किया चालान



**संतकबीरनगर।** सोमवार को पुलिस ने दुधारा थाना क्षेत्र के सेमरियावां चौराहे पर सड़क किनारे पर दुकान को हटवाया और अतिक्रमित वाहनों का चालान किया। दुधारा थाना प्रभारी निरीक्षक अरविन्द शर्मा ने सोमवार को सेमरियावा चौराहे पर पहुंचकर अतिक्रमण के चलते लगातार जाम से जूझ रहे राहगीरों की परेशानी को देखते हुए सड़क किनारे लगी दुकानों को हटवाया और अतिक्रमित वाहनों का चालान किया।


### श्री राम राजा ट्रेडर्स प्लाईवुड एण्ड हार्डवेयर की दुकान का हुआ भव्य उद्घाटन



**झांसी।** नन्द पैलेस के सामने, नारायण बाग रोड, डडियापुरा स्थित श्री राम राजा ट्रेडर्स प्लाईवुड एण्ड हार्ड वेयर की दुकान का भव्य उद्घाटन हुआ।इस दौरान श्रीमती शोभा राय ने फीता काटकर दुकान का उद्घाटन किया।

इस दौरान शिवा राय ने बताया है कि दुकान में हर प्रकार के खिड़की,दरवाजा,प्लाई,बोर्ड,माइका समेत सभी प्रकार के हार्ड वेयर की समान सस्ते दर पर उपलब्ध है।यहां पर वाटर प्रूफ दरवाजे और खिड़की भी सस्ते दर पर उपलब्ध है बताते चले कि दुकान के उद्घाटन के अवसर पर सुबह विधि-विधान से पूजन व हवन किया गया।इसके बाद श्रीमती शोभा राय के कर कमलों द्वारा फीता काटकर उद्घाटन हुआ। इस अवसर पर श्री राजकुमार राय श्रीमती शोभा राय पवन राय ग्रंथ राय संध्या राय गार्गी राय रियानवी श्रीराम राय आनंद राय कपिल राय दिलीप अग्निहोत्री फि रोज खान जयवर्धने जयपाल दिलीप राय आदि लोग उपस्थित करें।

### पारीछा थर्मल पावर के नवनियुक्त मुख्य महाप्रबंधक का किया हार्दिक अभिनंदन



**झांसी।** पारीछा थर्मल पावर झांसी के नवनियुक्त मुख्यमहाप्रबन्धक हम सबके सम्मानीय इं आर एन श्रीवास्तव के पारीछा परियोजना में आगमन पर बिधुत मजदूर पंचायत शाखा पारीछा के पदाधिकारियों ने पुष्प गुच्छ देकर हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं दी साथ मे पारीछा परियोजना कोअपने कुशल नेतृत्व में बिधुत उत्पादन को एक नई ऊंचाइयों तक पहुचाएँगे बिधुत उत्पादन बढ़ाने में संगठन के समस्त कार्मिक मनोयोग से महनत करते हुए पूर्ण सहयोग प्रदान करेंगे।साथ मे संगठन के केन्द्रीय संगठन मंत्री बशीर अहमद, अध्यक्ष श्री आदेश कुमार, सचिव कमलेश कोटरा, कोषाध्यक्ष श्री आदर्श खरे, महावीर सिंह, आलोक गुप्ता प्रचार सचिव, घनश्याम कुशवाहा जी, जितेंद कुमार, उपस्थित रहे।

# कृत्रिम बुद्धिमत्ता के क्षेत्र में हैं रोजगार की अपार संभावनाएं : प्रमोद कुमार

**वेलकम इंडिया**

**झांसी।** बुन्देलखण्ड विश्वविद्यालय के सभागार में आज अक प्राज्ञा के निर्देशन में कार्यशाला का शुभारंभ हुआ । विश्वविद्यालय के वित्त अधिकारी प्रमोद कुमार ने इस अवसर पर छात्रों को प्रोत्साहित करते हुए उपरोक्त शब्द कहे।

विश्वविद्यालय की ट्रेनिंग प्लेसमेंट सेल द्वारा अक से प्रारंभिक परिचय के लिए 3 नबम्बर से १० नबम्बर तक कार्यशाला का आयोजन किया जा रहा है, कार्यक्रम का शुभारंभ अतिथि एवं अधिकारियों द्वारा दीप प्रज्वलन से किया गया।

डॉ संदीप अग्रवाल द्वारा अतिथियों का स्वागत एवं प्रशिक्षकों से परिचय करवाते हुए विगत वर्षों में आयोजित ट्रेनिंग एवं प्लेसमेंट की जानकारी साझा की। एवं भविष्य की योजना पर बताया कि विदेशों में रोजगार, उद्योग की मांग के अनुसार प्रशिक्षण पर कार्य कर रहें है।

परीक्षा नियंत्रक राज बहादुर द्वारा उनके कार्यालय मे अक के प्रयोग पर प्रकाश डाला गया।

ट्रेनिंग प्लेसमेंट के संयोजक प्रोफेसर एमएम सिंह ने बताया कि इस कार्यशाला का उद्देश्य विद्यार्थियों को भविष्य के लिए तैयार कृत्रिम बुद्धिमत्ता (अक) एवं डिजिटल कौशलों से सशक्त बनाना है। कार्यक्रम उत्तर प्रदेश शासन के सहयोग से और अंतरराष्ट्रीय गैर-लाभकारी संस्था ह्यवन मिलियन टू वन बिलियन द्वारा प्रस्तुत किया जा रहा है जो संयुक्त राष्ट्र संघ से सम्बन्धित संस्थान है और विश्वभर में युवाओं को एआई, डिजिटल नवाचार, नेतृत्व और सामाजिक उद्यमिता के क्षेत्र में प्रशिक्षित करने का कार्य कर रही है। 1ट1इ संस्था के नॉर्थ इंडिया के सीनियर एग्जिक्यूटिव श्री शुभम कपूर द्वारा उद्घाटन सत्र को संबोधित किया गया । उन्होंने जानकारी दी कि उपरोक्त कार्यक्रम में प्रशिक्षक अभिनव, प्रवीण और राज, विद्यार्थियों को प्रैक्टिकल एवं प्रोजेक्ट-आधारित मार्गदर्शन प्रदान करेंगे। कार्यशाला के दौरान विद्यार्थियों को एआई की मूलभूत अवधारणाएँ, मशीन लर्निंग, डेटा एनालिटिक्स तथा एआई आधारित समाधान विकसित करने का व्यावहारिक प्रशिक्षण दिया जाएगा।

कार्यशाला के सफल संचालन में प्रशिक्षण एवं प्लेसमेंट सेल वॉलंटियर टीम नैन्सी खैरा (अनुसंधान छात्रा), प्रियल चतुवेर्दी (शिक्षण सहायक), श्रृष्टि यादव, श्रुति प्रकाश और कीर्ति वर्मा का विशेष योगदान रहा।

# लेफ्टिनेंट जनरल अविनाश दास ने नई दिल्ली आर्मी हॉस्पिटल रिसर्च एंड रेफरल के कमांडेंट का पदभार संभाला

**वेलकम इंडिया/संतोष कुमार सिंह**



**वाराणसी।** कानपुर निवासी प्रतिष्ठित ई.एन.टी.सर्जन लेफ्टिनेंट जनरल अविनाश दास जिन्होंने सशस्त्र बल चिकित्सा सेवाओं में लगभग चार दशकों तक अनुकरणीय सेवाये दी हैं नई दिल्ली स्थित सशस्त्र बलों के प्रसिद्ध एवं महत्वपूर्ण अस्पताल,'आर्मी हॉस्पिटल रिसर्च एंड रेफरल' (आर एंड आर हॉस्पिटल) के कमांडेंट के रूप में कार्यभार ग्रहण किया है लेफ्टिनेंट जनरल दास का सैन्य चिकित्सा के क्षेत्र में उल्लेखनीय योगदान रहा है अपने सेवा काल के दौरान लेफ्टिनेंट जनरल दास द्वारा चिकित्सा के क्षेत्र में विशिष्ट योगदान के साथ-साथ प्रशासनिक एवं कमांड पदों पर रहते हुये महत्वपूर्ण कार्य किया गया हैं पुणे स्थित आर्म्ड फोर्सेज मेडिकल कॉलेज से स्नातक लेफ्टिनेंट जनरल अविनाश दास ने नई दिल्ली स्थित आर्मी के बेस हॉस्पिटल एवं कमांड हॉस्पिटल लखनऊ में वरिष्ठ सलाहकार के रूप में भी कार्य किया है। अपने दीर्घ और विशिष्ट करियर के दौरान लेफ्टिनेंट जनरल दास ने असाधारण नेतृत्व और सेवा भावना का उदाहरण प्रस्तुत किया है उन्हें चीफ आफ आर्मी स्टाफ (सी.ओ.ए.एस.),चीफ ऑफ इंटिग्रेटेड स्टाफ कमेटी (सी.आई.एस.सी.) तथा जी.ओ.सी.इन सी.प्रशस्ति पत्रों से सम्मानित किया जा चुका हैं आर्मी हॉस्पिटल रिसर्च एंड रेफरल' के कमांडेंट के रूप में उनकी नियुक्ति से अस्पताल में उत्कृष्टता के मानकों में और वृद्धि होने की अपेक्षा है जिससे सशस्त्र बलों के साथ- साथ नागरिक समुदाय को भी उच्चस्तरीय चिकित्सा सेवाएं प्राप्त होंगी। कमांडेंट के रूप में लेफ्टिनेंट जनरल दास का उद्देश्य अस्पताल की गौरवशाली परंपरा को बनाए रखते हुए चिकित्सा सेवा, अनुसंधान तथा शिक्षण के क्षेत्र में नवाचार और गुणवत्ता के उच्चतम स्तर को सुनिश्चित करना है वे अस्पताल की सामर्थ्य को और सुदृढ़ बनाने, अत्याधुनिक चिकित्सा सुविधाओं को विकसित करने तथा चिकित्सा उत्कृष्टता एवं नवाचार की संस्कृति को प्रोत्साहित करने के लिए प्रतिबद्ध हैं।

# 07 नवम्बर को हीरालाल रामनिवास पी0जी0 कॉलेज खलीलाबाद में रोजगार मेले का किया जाएगा आयोजन

**वेलकम इंडिया**

**संतकबीरनगर।** जिला सेवायोजन अधिकारी ने सर्वसाधारण को सूचनार्थ अवगत कराया है कि जिला सेवायोजन कार्यालय संत कबीर नगर द्वारा दिनांक 07.11.2025 को पूर्वान्ह 10:00 बजे से अपराह्न 03.00 बजे तक, हीरालाल रामनिवास पी0जी0 कालेज खलीलाबाद संत कबीर नगर में एक दिवसीय बृहद रोजगार मेले का आयोजन किया जाएगा।

उन्होंने बताया कि उक्त रोजगार मेले में निजी क्षेत्र की कम्पनी एल0आई0सी0, ब्लिंकइट, एप्टिव इण्डिया प्रा0लि0, एस0बी0आई0 लाईफ एन्सूरेंश, श्री राम फाइनेन्स, मदरसन मेट आटोमोटिव, कैरियर ब्रिज स्किल सौल्यूशन, एप्टिव इण्डिया प्रा0लि0, सिसका इलेक्ट्रिकल, स्वाभिमान माइको फाइनेन्स एवं काशी एग्रो लिमिटेड प्रतिभाग कर रही हैं।

उक्त मेले में प्रतिभाग करने वाले अभ्यर्थियों की आयु 18 से 40 वर्ष एवं शैक्षिक योग्यता हाईस्कूल, इण्टर, स्नातक, एवं आई0टी0आई0 आदि में उत्तीर्ण होने चाहिए। रोजगार मेलें में प्रतिभाग करने के लिए सेवायोजन विभाग के वेव पोर्टल rojgaarsangam.up.gov.in पर पंजीकृत अभ्यर्थी लॉगिन करके नियोजकों व उनके यहाँ उपलब्ध रिक्तियों के सापेक्ष आनलाईन आवेदन कर सकते हैं।

उक्त रोजगार मेले में प्रतिभाग करने के इच्छुक अभ्यर्थी अपने साथ समस्त शैक्षिक प्रमाण पत्र, दो फोटो एवं बायोडाटा के साथ रोजगार मेले में सम्मिलित हो सकते हैं। उन्होंने बताया कि रोजगार मेला में सम्मिलित होने हेतु प्रतिभागियों को कोई मार्ग-व्यय देय नही होगा।

# मकान निर्माण कर रहे फौजी पर दबंगों का हमला, गंभीर हालत में रेफर

**वेलकम इंडिया**



**कांधला। (मोहसिन रहमानी)** थाना क्षेत्र के गांव खेडा कुर्तान मे मकान का निर्माण कर रहे एक फौजी के साथ कई लोगों ने मारपीट करते हुए गंभीर रूप से घायल कर दिया पीड़ित फौजी ने अपना डाक्टरी परीक्षण कराने के बाद थाने पहुंचकर तहरीर दी है पुलिस जांच में जुटी हुई है।

थाना क्षेत्र के गांव खेडा कुर्तान निवासी राजेंद्र कुमार सीआरपीएफ में तैनात है जिसकी तैनाती लद्दाख में चल रही है। फौजी कई दिन पूर्व छुट्टी लेकर अपने गांव में आया है। और गांव में ही अपने मकान का निर्माण कर रहा है, फौजी का आरोप है कि उसके पड़ोसी पीड़ित व उसके परिवार से रंजिश रखते हैं रंजिश के चलते पीड़ित पर मकान निर्माण के दौरान आरोप लगाए जा रहे हैं कि उसके द्वारा गली में अतिक्रमण व कब्जा कर निर्माण किया जा रहा है। आरोपियों ने पीड़ित के द्वारा थाने पर तहरीर देकर कार्रवाई किए जाने की मांग की थी। सोमवार को पीड़ित अपने मकान का निर्माण कर रहा था तभी पड़ोस के कई लोग एक राय होकर आए और पीड़ित के साथ लाठी डंडे व धारदार हथियारों से हमला कर गंभीर रूप से घायल कर दिया। शोर शराबा होने पर आसपास के लोग आ जाने पर आरोपी मौके से फरार हो गए।


परिजनों ने घायल फौजी को उपचार के लिए नगर के सरकारी अस्पताल में भर्ती कराया चिकित्सकों ने प्राथमिक उपचार कर जिला अस्पताल रेफर कर दिया। घायल ने अपना डाक्टरी परीक्षण कराने के बाद थाने पहुंचकर कई लोगों के विरुद्ध नामजद तहरीर दी है पुलिस जांच में जुटी हुई है।

## चोरी के मामले में 02 अभियुक्तों को किया गिरफ्तार

संतकबीरनगर। पुलिस अधीक्षक संदीप कुमार मीना के निर्देशन, अपर पुलिस अधीक्षक सुशील कुमार सिंह द्वारा जनपद संतकबीरनगर में अपराध एवं अपराधियो के विरुद्ध चलाये जा रहे अभियान के क्रम में क्षेत्राधिकारी धनघटा प्रियम राजशेखर पाण्डेय के मार्गदर्शन में प्रभारी निरीक्षक थाना धनघटा जय प्रकाश दुबे के नेतृत्व में उ0नि0 अवधेश सिंह, का0 गौतम कुमार, का0 संदीप यादव, का0 प्रवीण कुमार ने दिनाँक 02.11.2025 को 02 अभियुक्तगण सूरज पुत्र लालचन्द निवासी संठी थाना धनघटा जनपद संतकबीरनगर, ध्रुप पुत्र रामआशीष निवासी संठी थाना धनघटा जनपद संतकबीरनगर को चोरी के 04 अदद पाउच बंटी बबली व कुल 5200रु0 नगद बरामद करते हुए बारीडिहा ईदगाह के पास से गिरफ्तार किया गया।

# ग्रामीण ने लगाया दो भाइयों पर अवैध वसूली करने का आरोप

**वेलकम इंडिया**



**कांधला। (मोहसिन रहमानी)** थाना क्षेत्र के गांव खंद्रावली निवासी एक ग्रामीण ने दो भाइयों पर दबंगई के बल पर पीड़ित से हजारों रुपए की मांग करने एवं पीड़ित के द्वारा रुपए नहीं देने पर गाली-गलौज करते हुए जान से मारने की धमकी देने का आरोप लगाते हुए आरोपी दोनों भाइयों के विरुद्ध थाने पर तहरीर दी है पुलिस जांच में जुटी हुई है।

सोमवार को थाना क्षेत्र के गांव खंद्रावली निवासी ग्रामीण मुस्तफा ने बताया कि गांव के दो भाई असलम एवं अफसर आए दिन अपनी दबंगई के बल पर ग्रामीण महिलाओं के साथ छेड़छाड़ एवं ग्रामीणों के साथ अभद्र व्यवहार करते हुए मारपीट वह गाली गलौज करते रहते हैं। दोनों आरोपी भाइयों की दबंगई से ग्रामीण परेशान हो चुके हैं, जब कोई ग्रामीण दोनों भाइयों का विरोध करता है तो आरोपी उन्हें जान से मारने की धमकी देते हैं आरोपी दोनों भाई कई ग्रामीणों से अवैध वसूली भी कर चुके हैं।

पीड़ित ने बताया कि सोमवार को वह अपने खेत पर गया हुआ था तभी जब वह वापस आ रहा था तो रास्ते में दोनों भाइयों ने पीड़ित को रोक लिया और पीडित से दस हजार रुपये की मांग करने लगे। आरोप है कि जब पीड़ित ने आरोपी दोनों भाइयों से रुपए देने से मना किया तो उन्होंने उसके साथ गाली गलौज करते हुए मारपीट की और जान से मारने की भी धमकी दी है।

पीड़ित ने कई ग्रामीणों के साथ थाने एवं चौकी प्रभारी से मिलकर आरोपी दोनों भाइयों के विरुद्ध कार्रवाई की मांग करते हुए तहरीर दी है। पुलिस ने पीड़ित ग्रामीण को सुरक्षा एवं कार्रवाई का आश्वासन देते हुए मामले की छानबीन शुरू कर दी है।

## स्कूटी सवार दंपति गिरकर गंभीर रूप से हुए घायल

**कांधला।** थाना क्षेत्र के बुढ़ाना मार्ग स्थित फाटक के समीप स्कूटी सवार दंपत्ति गिरकर गंभीर रूप से घायल हो गए चिकित्सकों ने महिला को प्राथमिक उपचार के बाद गंभीर अवस्था में जिला अस्पताल के लिए रेफर किया है।सोमवार को थाना क्षेत्र के गांव हुरमुजपुर निवासी रामपाल अपनी पत्नी लाली के साथ स्कूटी पर सवार होकर किसी कार्य से कस्बे में आ रहा था। जैसे ही स्कूटी सवार पति-पत्नी थाना क्षेत्र के बुढ़ाना मार्ग स्थित रेलवे फाटक के समीप पहुंचे तो अचानक से स्कूटी असंतुलित होकर सड़क पर गिर गई। स्कूटी पर सवार पति-पत्नी गिरकर गंभीर रूप से घायल हो गए आसपास के राहगीरों ने हादसे की जानकारी 108 एंबुलेंस को दी। हादसे की जानकारी मिलने के बाद पहुंचे एंबुलेंस के कर्मचारियों ने पति-पत्नी को उपचार के लिए नगर के सरकारी अस्पताल में भर्ती कराया।

# कुड़वा पौली में किया गया ग्राम चौपाल का आयोजन

**वेलकम इंडिया**

**संतकबीरनगर।** सोमवार को पुलिस उपमहानिरीक्षक बस्ती ,परिक्षेत्र बस्ती संजीव त्यागी ने विधायक धनघटा गणेश चौहान, जिलाधिकारी संतकबीरनगर आलोक कुमार व पुलिस अधीक्षक संतकबीरनगर संदीप कुमार मीना की उपस्थिति में थाना धनघटा क्षेत्रान्तर्गत ग्राम कुडवा पौली में ग्राम चौपाल का आयोजन किया गया ।ग्राम चौपाल के दौरान डीआईजी बस्ती ने जनता को केंद्र/राज्य सरकार की विभिन्न कल्याणकारी योजनाओ के सम्बन्ध में जानकारी दी तथा उपस्थित ग्रामवासियों से संवाद स्थापित कर उनकी समस्याओं, शिकायतों एवं सुझावों को सुना । जनता की समस्याओं के त्वरित एवं विधिपूर्ण निस्तारण हेतु संबंधित को आवश्यक दिशा- निर्देश दिये। उन्होंने ग्रामीणों को आश्वस्त किया कि उनकी समस्याओं का समाधान ह्लगांव में ही, गांव के स्तर परह्व प्राथमिकता से किया जाएगा।

कार्यक्रम के दौरान ग्रामीणों को महिला सुरक्षा, मिशन शक्ति, नशा उन्मूलन, सड़क सुरक्षा, साइबर अपराध से बचाव एवं कानून-व्यवस्था के प्रति जन-जागरूकता संबंधी जानकारी प्रदान की। साथ ही उपस्थित जनसमूह से अपील की गई कि किसी भी प्रकार की समस्या या अपराध की सूचना तत्काल पुलिस को दे तथा अफवाहों पर ध्यान न दें । इस अवसर पर क्षेत्राधिकारी धनघटा प्रियम राजशेखर पाण्डेय व थाना प्रभारी धनघटा जय प्रकाश दूबे तथा पुलिस विभाग के अन्य अधिकारी/ कर्मचारीगण उपस्थित रहे ।

# बार एसोसिएशन कार्यालय के आगे वकीलों का धरना जारी

वेलकम इंडिया




मथुरा। बार एसोसिएशन कार्यालय के बाहर बार एसोसिएशन मथुरा के वार्षिक चुनाव कराए जाने को लेकर 1 नवंबर से चल रहा धरना सोमवार को भी जारी रहा। जिसमें 2025 - 26 के प्रत्याशी के अलावा बार के वरिष्ठ व कनिष्ठ अधिवक्ता बड़ी संख्या में शामिल हुए। वक्ताओं के कहा गया कि जब पूर्व में चुनाव 7 नवंबर को हुए जिसका की शपथ ग्रहण 14 नवंबर को हुआ फिर इस बात का बार के अध्यक्ष व सेक्रेटरी के द्वारा कहना बड़ा ही हास्यास्पद है कि चुनाव कराने के लिए उन्हें समय चाहिए, जबकि उन्हें इस बात की पूरी जानकारी थी। कि चुनाव 7 नवंबर तक हो जाने चाहिए थे फिर भी बार एसोसिएशन के अध्यक्ष व सचिव के द्वारा चुनाव को षड्यंत्र के तहत घोषणा नहीं की गई और ना ही कोई तैयारी की गई। और जब चुनाव का समय आया तो उनके द्वारा पूर्वाग्रह से ग्रसित होकर तैयारी न होने का बहाना बनाते हुए चुनाव की तिथियां की घोषणा नहीं की। कार्यकाल खत्म हो जाने के बावजूद भी अभी तक किसी एल्डर कमेटी की घोषणा नहीं की।

निष्पक्ष चुनाव नहीं करना चाहते हैं और इसी कारण से चुनाव की तिथियों को बार काउंसिल के आदेश का हवाला देते हुए नहीं करना चाहते हैं तथा टालना चाहते हैं। सर्वप्रथम तो बार एसोसिएशन मथुरा की समस्त पदाधिकारी व कार्यकारी को पदमुक्त हो जाना चाहिए तथा तथा एल्डर कमेटी को अभिलंब चार्ज दिया जाना चाहिए। धरने में शामिल अधिवक्ताओं के द्वारा अति शीघ्र जनरल हाउस बुलाकर चुनाव की तिथि घोषित किए जाने की मांग की है।

धरने में मुख्य रूप से पूर्व सचिव राजकुमार उपाध्याय, पूर्व अध्यक्ष इंद्र कुमार वशिष्ठ, पूर्व सचिव राघवेंद्र सिंह, सचिव प्रत्याशी पूजा वर्मा, अटल फौजदार, रमाकांत भारद्वाज, चौधरी भगवान सिंह वर्मा, बृजेश शर्मा, मनोज कुमार शर्मा, सुरेश चंद पाठक, देवेंद्र पाल सिंह, गोपाल प्रसाद शर्मा, त्रिलोकचंद शर्मा, भानु प्रकाश गौतम, पंकज गोला, शैलेंद्र दुबे, अरविंद सिंह, मनमोहन शर्मा, अश्वनी शुक्ला, रामकृष्ण भारद्वाज, प्रेम प्रकाश पाठक, संगीता शर्मा, सुशील सागर शमशेर सिंह, योगेश तिवारी, देवेंद्र सिंह, प्रवीण भास्कर, राम सिंह, रामविलास शर्मा, संजय परिहार, सौदान सिंह, जयप्रकाश, जयकुमार, विनोद सिंह, योगेश जादौन, करण सिंह, त्रिलोक कुमार, बल्लभ वर्मा, अभय सिंह, अजय सिंह, देवराज सिंह यादव, योगेंद्र कुमार चतुर्वेदी, विवेक कनौजिया, सतीश चतुर्वेदी, अवधेश कुमार चतुर्वेदी, अनोखी शर्मा, सुरेश कुमार पांडे आदि अधिवक्ताओं ने अपने विचार रखे।


## सीसीएस यूनिवर्सिटी संबंधित कॉलेजों की आंतरिक परिक्षाएं हुई आरंभ

बुलंदशहर/अगौता। सीसीएस विश्वविद्यालय मेरठ से सम्बद्ध सभी महाविद्यालयों में स्नातक एवं परास्नातक की आंतरिक परीक्षाएँ विश्वविद्यालय के दिशा-निदेर्शों के अनुसार प्रारंभ हो गई हैं। विकास खण्ड क्षेत्र अगौता के ग्राम किसौली स्थित श्रीराम कृष्ण महाविद्यालय, किसोली (बुलंदशहर) के प्राचार्य डॉ. गजेन्द्र सिंह ने बताया कि महाविद्यालय में परीक्षाएँ विश्वविद्यालय द्वारा निर्धारित नियमों के अनुसार संचालित की जा रही हैं। सभी विषयों की आंतरिक परीक्षाएँ समय-सारिणी के अनुरूप आयोजित की जा रही हैं ताकि मूल्यांकन प्रक्रिया समय पर पूर्ण हो सके। डॉ गजेंद्र सिंह ने कहा कि परीक्षाओं के पश्चात सभी अंकों को विश्वविद्यालय के ऑनलाइन पोर्टल पर निर्धारित तिथि से पूर्व अपलोड कर दिया जाएगा। इससे विश्वविद्यालय को अभ्यर्थियों के प्रवेश पत्र समय पर जारी करने में सुविधा होगी। उन्होंने यह भी बताया कि यह नई व्यवस्था विश्वविद्यालय की पारदर्शी परीक्षा प्रणाली का हिस्सा है, जिससे विद्यार्थियों को समय पर परिणाम एवं परीक्षा सुविधा प्राप्त होगी।

### बाप के हाथ में तीर तो बेटे के हाथ में लालटेन

# बेलहर की जनता बेवकूफ नहीं है सब समझ चुके है : मनोज यादव

वेलकम इंडिया/एहसान अंसारी



पटना। बिहार विधानसभा चुनाव 2025 पहला चरण 6 अक्टूबर को होना है तो वही 11 अक्टूबर को 2 दूसरा चरण में होना है। बांका जिला के बेलहर विधानसभा सीट इस समय काफी चर्चित और हॉट सीट बना हुआ है जदयू ने अपना उम्मीदवार वर्तमान विधायक मनोज यादव को फिर से भरोसा जताया है तो वही महागठबंधन राजद ने अपना उम्मीदवार चाणक्य प्रकाश रंजन को बनाया है।

राजद उम्मीदवार चाणक्य प्रकाश रंजन बांका जिला के वर्तमान जदयू सांसद गिरधारी यादव के बेटे है। राजद ने चाणक्य प्रकाश रंजन को उम्मीदवार बनाने जाने से पार्टी में काफी नाराजगी देखने को मिला है। राजद के कद्दावर नेता जो काफी समय से पार्टी के रीड की हड्डी की तरह काम करते थे चाहे वो विधानसभा चुनाव हो या लोकसभा चुनाव हो पार्टी के लिए समर्पित कार्यकता नेता थे मिठान यादव जो एक समय टिकट के लिए भावी उम्मीदवार थे लेकिन पार्टी की टिकट देने की रवैया से नाराज होकर पार्टी से इस्तीफा देकर निर्दलीय चुनाव लड़ रहे है। सोमवार को चांदन प्रखंड के भैरोगंज में जदयू ने अपना चुनावी कार्यालय उद्घाटन किया।

उद्घाटन के मौके पर कटोरिया के पूर्व विधायक बीजेपी नेता राजकिशोर उर्फ पप्पू यादव भी पहुंचे और जदयू जदयू उम्मीदवार मनोज यादव को अपना समर्थन दिया है।

## सार संक्षेप

### खेत में पानी दे रहे भाइयों पर हमला, तीन घायल



मेरठ। किठौर थाना क्षेत्र के ग्राम बड्डा में सोमवार सुबह खेत में पानी दे रहे दो सगे भाइयों पर गांव के ही कुछ लोगों ने धारदार हथियार और लाठी-डंडों से जानलेवा हमला कर दिया। वारदात में दोनों भाई गंभीर रूप से घायल हो गए, जबकि बीच-बचाव करने पहुंचे तीसरे भाई को भी लाठी डंडो से पीट दिया।जानकारी के मुताबिक, यूनुस के पुत्र जीशान और नईम अपने खेत में पानी दे रहे थे। तभी गांव के मोईन, नईम, मनव्वर और आमिर अपने साथियों के साथ वहां पहुंचे और रंजिशन दोनों भाइयों पर हमला बोल दिया।झगड़े की सूचना पर तीसरा भाई मेहराज मौके पर पहुंचा तो आरोपियों ने उसे भी लाठी-डंडों से पीट दिया।घटना का वीडियो मौके पर मौजूद लोगों ने मोबाइल में कैद कर लिया, जो अब सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हो रहा है। घायलों ने थाने पहुंचकर तहरीर दी और वीडियो पुलिस को सबूत के तौर पर सौंपा। पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज कर मामले की शुरू कर दी है।

### 3 नवम्बर 2025 को मनाया वन हेल्थ डे



मथुरा। उ० प्र० पंडित दीन दयाल उपाध्याय पशु चिकित्सा विज्ञान विश्वविद्यालय एवं गो-अनुसंधान संस्थान (डुवासू), मथुरा ने 3 नवंबर 2025 को बड़े उत्साह के साथ वन हेल्थ डे मनाया। कार्यक्रम की शुरूआत विश्वविद्यालय के कुलपति डॉ. अभिजित मित्र द्वारा छात्र-नेतृत्व वाली जागरूकता रैली को झंडा दिखाने के साथ हुई, जिसमें मानव, पशु और पर्यावरणीय स्वास्थ्य के बीच अंतरसंबंध पर प्रकाश डाला गया। स्कूली छात्रों (कक्षा 9-11) के लिए एक इंटरैक्टिव सत्र में वन हेल्थ अवधारणा पर एक मल्टीमीडिया प्रस्तुति दी गई, जिसमें अधिष्ठाता, पशु चिकित्सा विज्ञान एवं पशुपालन महाविद्यालय ने छात्रों को भविष्य के एक स्वास्थ्य दूत के रूप में प्रेरित किया। विश्वविद्यालय ने ₹एक विश्व, एक स्वास्थ्य₹ का संदेश फैलाने के लिए एक पॉडकास्ट और रेडियो प्रसारण भी जारी किया। यह उत्सव वैश्विक वन हेल्थ पहल के तहत जागरूकता, सहयोग और शिक्षा के प्रति दुवासु की प्रतिबद्धता को दशार्ता है।

### समाजवादी नेता पहुंचे दुष्कर्म पीड़िता के गांव, खुलासे की मांग



मथुरा। गोवर्धन तहसील के थाना मगोर्रा क्षेत्र के एक गांव में नौ वर्षीय नाबालिक के साथ हुए दुष्कर्म के बाद यह खबर क्षेत्र में आग की तरह फैल गई। पुलिस टीमे भी आरोपियों की तलाश में जोर शोर से लगी हुई हैं और जल्द ही खुलासे की बात कह रही है। नाबालिग के साथ हुई इस तरह की घटना की सूचना मिलते ही राजनेतिक लोगो का पहुंचना शुरू हो गया है। समाजवादी पार्टी विधानसभा 83 के आवेदक प्रत्याशी एवं समाजसेवी महेश शर्मा उर्फ गोल्डी भैया भी साथियों के साथ गांव में पहुंचे और ग्रामीणों से जानकारी कर इस घटना की घोर निंदा की। शासन प्रशासन से जल्द से जल्द ऐसे निंदनीय कृत्य करने वाले लोगों की गिरफ्तारी की मांग की है। बताया गया कि महेश चंद शर्मा ने एसएसपी से फोन पर वार्ता कर जल्द ही खुलासा करने की मांग की है।

## शराब के नशे में वाहन चलाना चालक को पड़ा भारी, पुलिस ने चालक को गिरफ्तार कर वाहन किया सीज

वेलकम इंडिया



बागेश्वर। यातायात नियमों का पालन एवं शराब के नशे में वाहन चलाने वाले वाहन चालकों के विरुद्ध पुलिस सख्त हो गई है। सड़क दुर्घटनाओं की प्रभावी रोकथाम के उद्देश्य से नाबालिग वाहन चालकों/शराब पीकर वाहन चलाने/खतरनाक तरीके से वाहन चलाने/यातायात नियमों का उल्लंघन करने/बिना रिफ्लेक्टर बिना प्रदूषण एवं शांति व्यवस्था भंग करने वालों के विरुद्ध चलाये जा रहे विशेष चैकिंग अभियान के दौरान कोतवाली पुलिस द्वारा वाहन चैकिंग के दौरान देर रात्रि में वाहन संख्या यूके02ळअ 2967 को रोका।

चेकिंग के दौरान चालक जगदीश प्रसाद निवासी बिलौना, शराब के नशे में वाहन चला रहा था।चालक पुलिस की जांच में नशे में खुलेआम नियमों कि अवहेलना करने लगा। साथ ही उसके दो साथी पुष्कर सिंह और गंगा सिंह भी नशे में थे। स्वास्थ परीक्षण के दौरान वाहन चालक नशे में पाया गया।जिसके बाद पुलिस ने मेडिकल परीक्षण के उपरांत चालक जगदीश प्रसाद के विरुद्ध धारा 202/185 मोटर वाहन अधिनियम के अंतर्गत अभियोग पंजीकृत कर उसे गिरफ्तार किया गया। वाहन को धारा 207 मोटर वाहन अधिनियम के अंतर्गत सीज करते हुए पुलिस अभिरक्षा में लिया गया। साथ ही, वाहन में सवार दोनों व्यक्तियों के विरुद्ध धारा 81 पुलिस अधिनियम के अंतर्गत चालान की कार्रवाई की गई।

# जीएम कॉलेज में आरएसएस गोवर्धन खण्ड प्रारंभिक वर्ग का आयोजन सम्पन्न

वेलकम इंडिया



मथुरा/गोवर्धन। राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ, गोवर्धन खंड के नीमगांव मंडल में स्थित गिर्राज महाराज नर्सिंग पैरामेडिकल कॉलेज में प्रारंभिक वर्ग का सफल आयोजन संपन्न हुआ। वर्ग का शुभारंभ भारत माता के समक्ष दीप प्रज्वलन एवं पुष्प अर्पण कर किया गया। वर्ग में प्रमुख रूप से खंड संघचालक श्याम बाबू कौशिक, वर्ग कार्यवाह पवन, तथा मुख्य वक्ता राकेश (जिला कार्यवाह, कोसी जिला) उपस्थित रहे। उन्होंने अपने प्रेरक उद्बोधन में कहा कि प्रारंभिक वर्ग का उद्देश्य स्वयंसेवकों में अनुशासन, समय पालन, संस्कार और नेतृत्व की भावना का विकास करना है।

उन्होंने कहा कि खेल-खेल के माध्यम से हम जीवन में अनेक उपयोगी गुण सीखते हैं – यही संस्कार विद्यार्थी जीवन में अनुशासन और समाज में नेतृत्व की भावना को प्रबल करते हैं। उन्होंने यह भी बताया कि राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ अपनी 100 वर्ष की गौरवशाली यात्रा पूर्ण कर शताब्दी वर्ष मना रहा है, जो सभीस्वयंसेवकों के लिए गर्व और प्रेरणा का विषय है वर्ग के दौरान स्वयंसेवकों को शारीरिक, बौद्धिक और व्यवहारिक प्रशिक्षण प्रदान किया गया।वर्ग में विभिन्न दायित्वों का सफल संचालन निम्न कार्यकताओं द्वारा किया गया जिला बौद्धिक प्रमुख बहादुर जी जिला शारीरिक शिक्षण प्रमुख रामेश्वर जिला धर्मजागरण संयोजकः केके पाठक, धर्मदास वर्ग के सर्व व्यवस्था प्रमुख भानु, खंड कार्यवाह म खंड सह संघचालक संजय शर्मा, अमित, खंड प्रचारकः राकेश नगर कार्यवाहः सुशांत, मुख्य शिक्षकः एन. डी. तिवारी , कंचन, व्यवस्था प्रमुखः रवि , नंद बिहारी, विट्ठल आवास प्रमुख कन्हैया , ब्रजमोहन, पंडित जी आपूर्ति प्रमुख लीलाधर श्रीकांत खंड सेवा प्रमुख राम पुरोहित धर्म जागरण संयोजक कृष्ण, यातायात व्यवस्था अनिकेत, सुमित, अतिथि व्यवस्था समापन सत्र में एकल गीत का सुंदर प्रस्तुतीकरण बुद्ध द्वारा किया गया तथा अमृत वचन का वाचन कृष्ण शर्मा ने किया। अंत में खंड संघचालक श्याम बाबू कौशिक नेआशीर्वचन देते हुए सभी स्वयंसेवकों को धन्यवाद ज्ञापित किया और कहा कि ऐसे वर्ग समय-समय पर संघ द्वारा आयोजित किए जाते हैं, जो स्वयंसेवक के जीवन में संस्कार, अनुशासन और संगठन का आधार बनते हैं। पूरा कार्यक्रम अत्यंत उत्साह, अनुशासन और सौहार्दपूर्ण वातावरण में संपन्न हुआ।

# वृंदावन में चित्रों में बोल उठीं श्रीकृष्ण-राधा की 21 लीलाएं

वेलकम इंडिया



मथुरा/वृंदावन। उत्तर प्रदेश ब्रज तीर्थ विकास परिषद के गीता शोध संस्थान में 01से 03 नवंबर तक आयोजित श्रीकृष्ण राष्ट्रीय चित्रांकन शिविर-2025 में देश के विभिन्न राज्यों से आए कलाकारों ने कृष्ण की 21 प्रमुख लीलाओं को चित्रित किया। रंगों और तूलिकाओं के माध्यम से कलाकारों ने ब्रज संस्कृति और जनजीवन में रची-बसी भक्ति भावना को साकार किया।

समापन समारोह में मुख्य कार्यपालक अधिकारी श्री सूरज पटेल ने कलाकारों को प्रशस्ति पत्र प्रदान कर सम्मानित किया। उन्होंने कहा कि श्रेष्ठ कृतियों को मुख्यमंत्री कार्यालय में वह भारत सरकार के डाक विभाग कार्यालय में लगाया जाएगा भविष्य में ग्लोबल चित्रांकन शिविर का आयोजन भी होगा प्रधानमंत्री और मुख्यमंत्री योगी जी कल के क्षेत्र में कल संरक्षण पर विशेष बल दे रहे हैं

इस अवसर पर डॉ. राजीव द्विवेदी (वृंदावन रिसर्च इंस्टीट्यूट), श्री दिनेश खन्ना (गीता शोध संस्थान), डॉ. उमेश चंद्र शर्मा (ब्रज संस्कृति विशेषज्ञ), श्री चंद्र प्रताप सिंह सिकरवार (कोऑर्डिनेटर) तथा दूरदर्शन के कार्यक्रम अधिकारी श्री सत्यव्रत सिंह व इस शिविर कोऑर्डिनेटर सुश्री मोहिनी कृष्ण दासी कथा प्रवक्ता आदि ने चित्रकारों को पटुका पहनाकर सम्मानित किया।

भुज (गुजरात) की अवनी पीयूष सोनी ने कृष्ण के बांसुरी वादन की लीला को चित्रित किया,

मथुरा की प्रीति चौहान और प्रो. पूनम रानी (अलीगढ़) ने कृष्ण की प्रतीक्षा में राधा का भावचित्र बनाया।

कमलेश्वर रासबिहारी (मथुरा) ने रासलीला की छटा साकार की, जबकि कंचन प्रकाश (ग्रेटर नोएडा) ने बिहार की वज्जिका शैली में राधा-कृष्ण प्रेम को चित्रित किया।

अन्य कलाकारों में सुमन डोंगरे (उज्जैन), अलका मनीष पाठक (सीहोर), अलका झा (इंदौर), नेहा (लखनऊ), डॉ. मनोज (आगरा), रिमी पोद्दार (ग्रेटर नोएडा), विनोद कुमार सिंह (लखनऊ), डॉ. कुमुद वाला (कानपुर), पूजा म्हात्रे (मुंबई), रीना सिंह (दिल्ली), डॉ. प्रिंस राज (मेरठ) और चित्रलेखा (आगरा) ने भी अपनी-अपनी कृतियों से भक्ति और कला का अद्भुत समन्वय प्रस्तुत किया।

# छात्र-छात्राओं ने निकाली जागरूकता रैली




वेलकम इंडिया

गरुड़। सुमित्रानंदन पंत राजकीय महाविद्यालय गरुड़ में राष्ट्रीय एकता दिवस के अवसर पर राष्ट्रीय सेवा योजना एवं रोवर्स रेंजर्स के तत्वाधान में राष्ट्रीय एकता दिवस का आयोजन किया गया। रैली निकाली गई। इस मौके पर छात्र-छात्राओं को सरदार वल्लभभाई पटेल की जीवनी से अवगत कराया गया। महाविद्यालय में आयोजित कार्यक्रम में वक्ताओं ने कहा किके पटेल भारत के प्रथम गृहमंत्री थे। उन्होंने भारत को अखंड बनाया। रन फॉर यूनिटी का आयोजन किया गया। जिसमें महाविद्यालय के समस्त स्वयंसेवकों ने महाविद्यालय के मुख्य द्वार से तिलसारी ग्राम तक रैली निकाली। इसके माध्यम से समस्त ग्रामीण जनता को जागरूक किया गया और उनके भीतर राष्ट्रीय भावना को पुनः जागृत करने का कार्य किया गया। इस दौरान प्रभारी प्राचार्य डा. शिवप्रकाश राय, राष्ट्रीय सेवा योजना के कार्यक्रम अधिकारी डा. अवधेश तिवारी, रोवर रेंजर प्रभारी डा.दिवाकर टम्टा, शेर राम टम्टा, डा. लता आर्या, डा. श्वेता पंत, डा. उर्वशी टम्टा, दीपा पंचपाल आदि मौजूद थे।

# सांसद खेल उत्सव का शुभारम्भ कर बोले सांसद खिलाड़ियों को संसाधनों की कमी नहीं होने देगें

विजय द्विवेदी वेलकम इन्डिया



प्रतापगढ़। जिला स्पोर्ट्स स्टेडियम में राज्यसभा सांसद अमरपाल मौर्य द्वारा दीप प्रज्जवलन व माँ सरस्वती के चित्र पर माल्यार्पण कर सांसद खेल उत्सव का शुभारम्भ किया गया। मुख्य अतिथि ने सांसद खेल उत्सव का ध्वजारोहण किया और गुब्बारे उड़ाकर खेल स्पर्धा का आरम्भ किया।

इस अवसर पर स्नातक एमएलसी अवनीश पटेल, विधायक सदर राजेन्द्र कुमार मौर्य, जिलाधिकारी शिव सहाय अवस्थी, जिला प्रभारी कौशलेन्द्र सिंह पटेल, भाजपा जिलाध्यक्ष आशीष श्रीवास्तव, पूर्व विधायक धीरज ओझा, पूर्व भाजपा जिलाध्यक्ष ओम प्रकाश त्रिपाठी, नगर पालिका अध्यक्ष प्रतिनिधि विशाल विक्रम सिंह, राजा अनिल प्रताप सिंह, क्रीड़ा अधिकारी पूनम लता राज सहित प्रतिभा सिंह, भाजपा के पार्टी पदाधिकारीगण व विद्यालय के अध्यापक, छात्र-छात्रायें आदि उपस्थित रहे। इस अवसर पर उपस्थित अतिथियों ने सभी खिलाड़ियों से हाथ मिलाकर उन्हें शुभकामना दी।

इस अवसर पर राज्यसभा सांसद अमरपाल मौर्य ने कहा कि खिलाड़ियों को खेल सामग्री या संसाधनों की कोई कमी नहीं होने दी जायेगी, जो भी आवश्यकता होगी उसमें मैं अपने सांसद निधि से उपलब्ध कराऊँगा। जनपद प्रतापगढ़ के गौरव के लिये मैं अपना पूरा योगदान और समर्पण देने का संकल्प लेता हूॅं। हमारा उद्देश्य है कि प्रतापगढ़ का हर खिलाड़ी पूरी निष्ठा और आत्मविश्वास के साथ अपने सपनों को साकार कर सके। एमएलसी अवनीश पटेल ने कहा कि खेल के आयोजन से कई महत्वपूर्ण चीजों को सीखने का मौका मिलता है, यह सांसद खेल उत्सव न केवल खेल प्रतिभाओं को सामने लाएगा, बल्कि युवाओं में फिटनेस, अनुशासन और टीम भावना को भी मजबूत करेगा।

उन्होंने कहा कि खेल जीवन का महत्वपूर्ण हिस्सा है, जिससे मन और मस्तिष्क स्वस्थ रहते हैं। जिलाधिकारी शिव सहाय अवस्थी ने कहा कि सांसद खेल उत्सव का कार्यक्रम पूरी सफलता और भव्यता के साथ सम्पन्न होगा, खेल के माध्यम से बच्चों में जागरूकता की आयेगी और खिलाड़ियों को समान अवसर मिलेगें। खेल के माध्यम से बच्चे अपनी प्रतिभाओं को निखार सकते है। उन्होने इस दौरान सभी प्रतिभागियों को बधाई एवं धन्यवाद दिया। अन्त में भाजपा जिलाध्यक्ष आशीष श्रीवास्तव ने सभी अतिथियों के प्रति धन्यवाद ज्ञापित किया। इस अवसर पर अतिथियों द्वारा कुश्ती, दौड़, कबड्डी, वालीवाल आदि प्रतियोगिताओं का शुभारम्भ किया गया और प्रथम, द्वितीय व तृतीय स्थान प्राप्त करने वाले खिलाड़ियों को प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया गया।

प्रतियोगिता में 100 मीटर दौड़, 800 मीटर दौड,.वॉलीबॉल, कबड्डी का आयोजन हुआ जिसमे 100 मीटर बालिका में पायल प्रथम, शैल मौर्य द्वितीय, अंचित मौर्य तृतीय, 800 मीटर बालक में हंसदीप विश्वकर्मा प्रथम, मनीष द्वितीय, काशान तृतीय, 17 वर्षीय 800 मीटर बालक में अक्षय प्रथम, रिजवान द्वितीय विकास तृतीय, कुश्ती 38 किग्रा बालिका में रिया गिरी प्रथम, स्वाति द्वितीय, 41 किग्रा में आज्ञा पटेल प्रथम, रिया यादव द्वितीय, 45 किग्रा में बबीता प्रथम, आशी द्वितीय, 35 किग्रा में आयुषी प्रथम, इति सिंह द्वितीय, 38 किग्रा में रितेश पांडे प्रथम, 45 किग्रा में हेमंत प्रथम, शिवम द्वितीय, 53 किग्रा में विनीत गुप्ता प्रथम, सागर द्वितीय रहे।

### प्राचीन दशाश्वमेध घाट पर

# पहलगाम हमले में शहीद नागरिकों व ऑपरेशन सिंदूर के वीरों को समर्पित होगी देव दीपावली

वेलकम इंडिया/संतोष कुमार सिंह



**वाराणसी।** काशी के पौराणिक प्राचीन दशाश्वमेध घाट पर गंगोत्री सेवा समिति ने इस बार देव दीपावली महोत्सव को पहलगाम हमले में शहीद नागरिकों और भारतीय सेना के ह्यऑपरेशन सिंदूरह्ण के वीरों को समर्पित किया है गंगोत्री सेवा समिति के संस्थापक अध्यक्ष पंडित किशोरी रमण दुबे बाबू महाराज एवं समिति के सचिव पंडित दिनेश शंकर दुबे ने बताया कि भारतीय सेना ने ऑपरेशन सिंदूर में जिस तरह दुश्मनों को मुंहतोड़ जवाब देकर देश का मस्तक ऊंचा किया वह हर भारतीय के लिए गर्व की बात है इसी शौर्य को नमन करने के लिए हमने इस बार देव दीपावली को सेनानियों को समर्पित किया है तीन नवम्बर सोमवार को आयोजित पत्रकार वार्ता के दौरान बताया कि दशाश्वमेध घाट देवताओं के स्वागत में पलक-पांवड़े बिछायेगा,35 वर्षों से चल रही परम्परा के अनुसार दशाश्वमेध घाट पर नियमित आरती करने वाली संस्था गंगोत्री सेवा समिति के तत्वावधान में वैदिक रीति से गंगा महारानी का पूजन-स्तवन संग 151 लीटर दूध से अभिषेक करके गंगा निर्मलीकरण का आह्वाहन किया जायेगा।

गंगा तट पर सिंहासनारूढ़ गंगा महारानी की 108 किलो की अष्टधातु की श्रृंगारिक प्रतिमा और उनकी अलौकिक आरती की निराली छवि आकषर्ण का केंद्र होगी मां गंगा का शास्त्रोक्त विधि से पूजन के क्रम में समूचे घाट को 500 किलो देशी और विदेशी फूलों से सजाया जायेगा बताया कि ऋद्धि -सिद्धि के रूप में गंगा की महाआरती के दौरान बेटियों का नेतृत्व नारी शक्ति के सम्मान का संकल्प दोहराएगा। इस वर्ष के आयोजन में 21 बटुकों संग 21 डमरुदल गंगा आरती की शोभा बढ़ाएंगे आयोजन की अध्यक्षता सुमेरू पीठ के शंकराचार्य पूजनीय स्वामी नरेंद्रानंद सरस्वती जी करेंगे माँ गंगा की महाआरती के पश्चात काशी के लोकप्रिय गीतकार कन्हैया दुबे केडी के संयोजन में सांस्कृतिक संध्या सभी का मन मोहेगी देव दीपावली महोत्सव का संचालन गंगा सेवक नमामि गंगे काशी क्षेत्र के संयोजक राजेश शुक्ला द्वारा किया जाएगा भव्य आयोजन के दौरान वाराणसी के सम्मानित जनप्रतिनिधि, देश-विदेश से आमंत्रित अतिथिगण एवं कई प्रतिष्ठित बैंकों के सम्मानित अधिकारी परिवारजन सहित उपस्थित रहेंगे।

पत्रकार वार्ता के दौरान समिति के संरक्षक पंडित कन्हैया त्रिपाठी, गंगेश्वरधर दुबे, शांतिलाल जैन,पवन शुक्ला, संकठा प्रसाद,रामबोध सिंह,आकाश मेहरोतरा सहित समिति के पदाधिकारी उपस्थित रहे देव दीपावली के अवसर पर गंगोत्री सेवा समिति द्वारा काशी के पौराणिक केदार घाट पर पंडित संदीप कुमार दुबे के संयोजन में मां गंगा की भव्य और विराट आरती का आयोजन किया जाएगा।

## स्थापना के 19 साल बाद गरुड़ महाविद्यालय को मिला अपना भवन

**गरुड़।** सुमित्रानंदन पंत राजकीय महाविद्यालय गरुड़ के नवनिर्मित भवन का हस्तांतरण किया गया। महाविद्यालय को स्थापना के 19 साल बाद अपना भवन मिल गया है। गरुड़ महाविद्यालय की स्थापना वर्ष 2006 में हुई थी। तब से महाविद्यालय राजकीय प्राथमिक विद्यालय गागरीगोल के भवन में चल रहा था। पांच वर्ष पूर्व गागरीगोल के प्रयागभीड़ा नामक स्थान पर महाविद्यालय भवन के निर्माण का कार्य शुरू हुआ था।नए भवन में कक्षाएं भी संचालित हो गई थी, लेकिन विधिवत रूप से अपना भवन हस्तांतरित नहीं हुआ था।राज्य सेक्टर से निर्मित दो कक्षा कक्ष,एक प्रयोगशाला कक्ष एवं शौचालय भवन का हस्तांतरण निर्माण एजेंसी मंडी परिषद हल्द्वानी द्वारा महाविद्यालय के प्राचार्य प्रोफेसर अवनींद्र कुमार जोशी को किया गया।महाविद्यालय के प्रभारी प्राचार्य डा. शिवप्रकाश राय ने सभी का स्वागत करते हुए भवन हस्तांतरण को महाविद्यालय के लिए एक उपलब्धि बताया। मंडी परिषद के जूनियर इंजीनियर केतन पंत ने हस्तांतरण के कागजात सौंपे।

# श्रीमद् भागवत कथा में रुक्मणी विवाह धूमधाम से हुआ सम्पन्न

वेलकम इंडिया/संतोष कुमार सिंह





**वाराणसी।** सिद्धपीठ श्री जागेश्वर महादेव मन्दिर ईश्वरगंगी नरहरपुरा में 29 अक्टूबर से 5 नवम्बर तक सरस कथा वाचक पं.राजेश जी व्यास के द्वारा आयोजित श्रीमद् भागवत कथा ज्ञान यज्ञ सप्ताह के प्रथम दिन कलश यात्रा 29 अक्टूबर को प्रातः आठ बजे से प्रारम्भ किया गयो कथा में मुख्य यजमान बसंती देवी व्यास, शारदा,महेश त्रिवेदी,बीना शर्मा,सीमा शर्मा, नीलू व्यास सहित समस्त परिवार उपस्थित रहें सिद्धपीठ श्री जागेश्वर महादेव मन्दिर के महंत श्री मधु कृष्ण जी महाराज के सानिध्य में श्रीमद भागवत कथा का आयोजन किया जा रहा है कथा के पांचवे दिन तीन नवम्बर सोमवार को रुक्मणी विवाह धूमधाम से किया गया जिसमें काफी संख्या में भक्तगण शामिल हुए सभी भक्तों ने रुक्मणी का किया कन्या दान और दिया आशीर्वाद जिसमें शांभवी त्रिवेदी बनी रुक्मणी और कृतिका केशरी बनी श्री कृष्ण,दोनों की छवि बहुत ही मनमोहक थी जैसे मानो साक्षात श्री कृष्ण और रुक्मणी के दर्शन हो रहे थे मनमोहक छवि को देखकर कथा में आये भक्त भाव विभोर हो गये और आँखे छलक आयी।

यजमान शारदा त्रिवेदी ने बताया की पांच नवम्बर को कथा समापन के उपरांत पूणाहुती एवं महाप्रसाद भण्डारा का आयोजन किया जायेगा जिसमें 108 दंडी स्वामियों और काशी के सभी संतों का भंडारे में होगा आगमन । कथा में आयोजक बसंती देवी व्यास, शारदा त्रिवेदी, महेश त्रिवेदी,शशांक त्रिवेदी, शांभवी त्रिवेदी, सीमा शर्मा, वीणा पंचारिया सहित इत्यादि लोग शामिल रहे।

## बैजनाथ अस्पताल में एक सप्ताह से नहीं हो रहे हैं अल्ट्रासाउंड

**गरुड़।** मोहन सिंह मेहता सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र बैजनाथ में एक सप्ताह से अल्ट्रासाउंड नहीं हो रहे हैं। जिससे मरीजों को काफी दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। क्षेत्र के जागरूक युवाओं ने शीघ्र अल्ट्रासाउंड की सुविधा सुचारु करने की मांग की है। सीएचसी बैजनाथ में एक सप्ताह से अल्ट्रासाउंड की सुविधा ठप है। जिससे यहां पहुंच रहे मरीजों को वापस लौटना पड़ रहा है। बैजनाथ अस्पताल में गरुड़ तहसील के अलावा ग्वालदम, थराली, देवाल आदि क्षेत्रों से भी प्रतिदिन मरीज इलाज कराने आते हैं। बैजनाथ अस्पताल में अल्ट्रासाउंड सोनोलॉजिस्ट के भरोसे चल रहा है। वो भी छुट्टी पर हैं। जिससे अल्ट्रासाउंड नहीं हो पा रहे हैं। समय व धन की बबार्दी करके इलाज के लिए आ रहे मरीजों को वापस लौटना पड़ रहा है। मरीज अल्मोड़ा जाने को मजबूर हैं। क्षेत्र के युवा सामाजिक कार्यकर्ता हिमांशु खाती का कहना है कि जब बागेश्वर अस्पताल से कोई डॉक्टर छुट्टी पर जाते हैं, तो तुरंत बैजनाथ से किसी डॉक्टर को बागेश्वर अटैच कर दिया जाता है। लेकिन गरुड़ के लिए कोई व्यवस्था नहीं की जाती है। उन्होंने मांग करते हुए कहा कि सीएमओ को बैजनाथ अस्पताल के लिए भी कोई वैकल्पिक व्यवस्था करनी चाहिए। उन्होंने शीघ्र अल्ट्रासाउंड की सुविधा शुरू न होने पर आंदोलन की चेतावनी दी है। पूरा बागेश्वर जनपद एक रेडियोलॉजिस्ट के सहारे चल रहा है। वो छठ पूजा का अवकाश लेकर घर चले गए थे। अभी नहीं लौटे हैं। बैजनाथ में कार्यरत सोनोलॉजिस्ट भी पत्नी के इलाज के लिए छुट्टी चले गए हैं। दोनों चिकित्सकों की वापसी होते ही व्यवस्था सुचारु कर दी जाएगी। **– डा. कुमार आदित्य तिवारी, सीएमओ बागेश्वर**

## मिशन शक्ति 0.5 के तहत नवीन मिशन शक्ति केंद्र के बारे में दी गई जानकारी



वेलकम इंडिया/संतोष कुमार सिंह

**वाराणसी ।** थाना कपसेठी कमिश्नरेट वाराणसी में मिशन शक्ति 0.5 के तहत मिशन शक्ति केंद्र टीम प्रभारी उ0नि0 मेघा सोलंकी,हे0 का0 जवाहर प्रसाद द्वारा महिलाओं को विभिन्न हेल्पलाइन नंबर 1090, 1098,1076, 112,108 आदि के बारे में जानकारी देकर जागरूक किया गया व थाने पर स्थापित नवीन मिशन शक्ति केंद्र के बारे में जानकारी दी गई।

## बुलेट बाइक से पटाखे छोड़ रहे युवकों की दो बाइक सीज



वेलकम इंडिया महमूद रजा

**बिजनौर।** मंडावर बुलेट बाईक से पटाके छोड़ रही ओर रेस लगाकर स्टंट कर रहे दो बाईक सवार को पुलिस ने पकड़ कर दोनों बुलेट बाईको को सीज कर दिया है। रविवार की दोपहर बिजनौर रोड पर दो बुलेट बाईक सवार रेस लगाते हुए स्टंट कर बुलेट से पटाखे छोड़ रहे थे।इसी दौरान थाना अध्यक्ष सुमित राठी पुलिस टीम के साथ गस्त पर थे।दोनों बुलेट सवारो को रेस लागकर स्टंट करते हुए पाटके छोड़ते देख पुलिस ने उन्हें रोक लिया ओर दोनों को बाईक सवारो को बाईक सहित थाने ले आई दोनों ने पुलिस को अपना नाम अनस पुत्र इजहार निवासी इनामपुरा थाना मंडावर व दूसरे ने अब्दुल्ला पुत्र अय्यूब निवासी सेक्टर 29 बी चंडीगढ़ बताया थाना अध्यक्ष सुमित राठी ने बताया की दोनों बुलेट बाईक को सीज कर दिया गया है। दोनों बाईक सवारो को कड़ी हिदायत देते हुए छोड़ दिया गया है।

## तीन माह पहले हुई चोरी बाइकों के सामान के साथ दो गिरफ्तार




वेलकम इंडिया महमूद रजा

**बिजनौर।** मडावर। थानाध्यक्ष सुमित राठी की कड़ी कार्रवाई अब से तीन माह पहले दिनांक 12 जौलाई 2025 को बंटी पुत्र घसीटा सिंह निवासी दयालवाला और नासिर पुत्र मौ नाजिम निवासी मोहल्ला कस्सावान ने थाने में तहरीर दी थी जिसमें दोनों अलग-अलग जगहों से बाईक चोरी हो गई थी जिसमें पुलिस ने चोरी का मुकदमा पंजीकृत करते हुए जांच शुरू कर दी थी और दो मोटरसाइकिल मोटरसाइकिल का सामान निकाल कर चोर ले गए थे बिना रिम और टायर के मोटरसाइकिल मंडावर के मोहल्ला कस्सावान से बरामद की गई थी जिसमें अब नवागत थानाध्यक्ष सुमित राठी ने चोरों की कुंडली खंगालते हुए पुलिस अधीक्षक के निर्देश में चलाए जा रहे अपराधों की रोकथाम अभियान के अंतर्गत जांच शुरू करते हुए कल रविवार को अजय पुत्र जगदीश रितिक उर्फ माना पुत्र अशोक निवासी गांव लक्खू वाला ग्राम मोहम्मद पुर देवमल में गन्ना कोल्हू के पास से गिरफ्तार किया जिनके पास से उपरोक्त दो अदद मोटरसाइकिल के चार टायर लालपुर चौराहे से 150 मीटर अंदर बनी कोठरी से बरामद किया जिसमें आदित्य पुत्र रामपाल निवासी लक्खू वाला और लिटिल पुत्र नामालूम थाना चांदपुर अभी फरार है पुलिस द्वारा अग्रिम कार्रवाई की जा रही है।

# किसानों के लिए खरीफ 2025 के दौरान यूरिया की पर्याप्त उपलब्धता सुनिश्चित उर्वरक विभाग की समयबद्ध योजना और समन्वय से संभव हुआ कार्य

वेलकम इंडिया/संतोष कुमार सिंह



**वाराणसी।** भारत सरकार के उर्वरक विभाग ने खरीफ 2025 सीजन के दौरान पूरे देश में उर्वरकों, विशेषकर यूरिया,की पर्याप्त उपलब्धता सुनिश्चित की है समय पर की गई योजना और भारतीय रेल,बंदरगाहों,राज्य सरकारों एवं उर्वरक कंपनियों के साथ घनिष्ठ समन्वय के माध्यम से सरकार ने यह सुनिश्चित किया कि किसानों को यूरिया की कोई कमी न झेलनी पड़े कृषि एवं किसान कल्याण विभाग द्वारा खरीफ 2025 के लिए 185.39 लाख मीट्रिक टन यूरिया की आवश्यकता का अनुमान लगाया गया था जबकि उर्वरक विभाग द्वारा 230.53 लाख मीट्रिक टन उपलब्ध कराया गया जो कि 193.20 लाख मीट्रिक टन की बिक्री से कहीं अधिक था यह पूरे देश में यूरिया की पर्याप्त उपलब्धता को दशार्ता है उल्लेखनीय है कि खरीफ 2024 की तुलना में खरीफ 2025 में किसानों द्वारा लगभग 4.08 लाख मीट्रिक टन अधिक यूरिया का उपयोग किया गया जो अच्छी वर्षा और बढ़े हुए फसल क्षेत्र के कारण बेहतर उपलब्धता का संकेत देता है।

घरेलू उत्पादन और खपत के बीच अंतर को पाटने के लिए सरकार ने आयात बढ़ाने पर विशेष ध्यान दियो अप्रैल से अक्टूबर 2025 के बीच भारत ने 58.62 लाख मीट्रिक टन कृषि-ग्रेड यूरिया का आयात किया जबकि पिछले वर्ष इसी अवधि में यह 24.76 लाख मीट्रिक टन थो इस वृद्धि ने खरीफ 2025 की बढ़ी मांग को पूरा करने के साथ-साथ आगामी रबी सीजन के लिए पर्याप्त बफर स्टॉक भी तैयार कियो परिणामस्वरूप,देश में यूरिया का कुल भंडार 1 अक्टूबर 2025 को 48.64 लाख मीट्रिक टन से बढ़कर 31 अक्टूबर 2025 तक 68.85 लाख मीट्रिक टन हो गया यानी 20.21 लाख मीट्रिक टन की वृद्धि दर्ज की गई जुलाई से अक्टूबर 2025 के बीच राज्यों को रिकॉर्ड स्तर पर यूरिया की आपूर्ति की गई जो सरकार की सक्रिय नीति को दशार्ता है घरेलू उत्पादन में भी उल्लेखनीय सुधार हुआ है अक्टूबर 2025 में 26.88 लाख मीट्रिक टन यूरिया का उत्पादन हुआ जो पिछले वर्ष की तुलना में 1.05 लाख मीट्रिक टन अधिक है। अप्रैल से अक्टूबर 2025 के बीच औसत मासिक उत्पादन लगभग 25 लाख मीट्रिक टन रहो नवंबर और दिसंबर के लिए 17.5 लाख मीट्रिक टन के अतिरिक्त आयात की योजना पहले से ही बनाई जा चुकी है। देश में घरेलू उत्पादन क्षमता बढ़ाने के प्रयास भी जारी हैं नमरूप (असम) और तालचर (ओडिशा) में प्रत्येक की 12.7 लाख मीट्रिक टन वार्षिक क्षमता वाली दो नई यूरिया इकाइयाँ निमार्णाधीन हैं इसके अलावा,उत्पादन क्षमता बढ़ाने हेतु कई प्रस्तावों पर विचार चल रहा है। ये परियोजनाएँ स्वीकृत होने पर भारत की आयात निर्भरता को काफी हद तक कम करेंगी और देश को यूरिया उत्पादन में आत्मनिर्भरता (आत्मनिर्भर भारत) की दिशा में आगे बढ़ाएँगी। राज्यों के कृषि विभागों के साथ मिलकर उर्वरक विभाग लगातार वितरण प्रणाली में सुधार,अवैध भंडारण,तस्करी और काला बाजारी पर नियंत्रण हेतु कार्य कर रहा है कई राज्यों ने पारदर्शिता और निगरानी बढ़ाने के लिए नवाचार तकनीकी उपकरणों का उपयोग शुरू किया है।

# बास्केटबॉल प्रतियोगिता में डीपीएस पब्लिक स्कूल बिजनौर बना चैंपियन

वेलकम इंडिया महमूद रजा



**बिजनौर।** स्योहारा रोड़ स्थित आर आर पब्लिक स्कूल में एक दिवसीय बास्केटबॉल प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। डीपीएस पब्लिक स्कूल बिजनौर की टीम ने आर आर पब्लिक स्कूल नूरपुर की टीम को हराकर ट्राफी पर कब्जा जमाया।

आर आर पब्लिक स्कूल में आयोजित जनपद स्तरीय पुरुष वर्ग बास्केटबॉल चैंपियनशिप का शुभारंभ स्कूल के प्रधानाचार्य प्रणय मनु गुप्ता व विवेकानन्द दिव्य भारती उत्तर प्रदेश के अध्यक्ष योगेंद्र पाल सिंह योगी व जिला व्यायाम शिक्षक अरविन्द अहलावत ने फीता काटकर किया। इस अवसर पर बोलते हुए दिव्य भारती के अध्यक्ष योगेन्द्र पाल सिंह योगी ने कहा कि प्रत्येक विद्यार्थी को नियमित रूप से कोई भी एक खेल खेलना चाहिए क्योंकि खेलों से शरीर स्वस्थ होता है और जब शरीर होता है तो मस्तिष्क भी स्वस्थ होता स्कूल के कप्तान मयंक कुमार ने प्रतिभागियों को खेल प्रतिज्ञा दिलाई।

चैंपियनशिप के फाइनल मुकाबले में डीपीएस पब्लिक स्कूल बिजनौर की टीम ने आर आर पब्लिक स्कूल नूरपुर को पराजित कर ट्राफी अपने नाम की।? आर आर पब्लिक स्कूल नूरपुर की टीम उपविजेता रही। मुख्य अतिथि योगेश्वर त्यागी, बिजनौर स्कूल सहोदर कंपलेक्स के सचिव इंद्रपाल व मौहम्मद राशिद ने विजेता एवं उपविजेता टीमों को ट्रॉफी और प्रमाण पत्र देकर सम्मान किया। एकदिवसीय बास्केटबॉल प्रतियोगिता में आर आर मोरारका पब्लिक स्कूल नजीबाबाद,सेंटमेरिज पब्लिक स्कूल धामपुर, दिल्ली पब्लिक स्कूल बिजनौर,दा हेजलमून स्कूल चांदपुर, बिजनौर पब्लिक स्कूल बिजनौर, साईं मिलियम पब्लिक स्कूल नहटौर, ग्रीन फील्ड पब्लिक स्कूल किरतपुर, आर आर पब्लिक स्कूल नूरपुर आदि टीमों के खिलाड़ियों ने प्रतिभाग किया। कार्यक्रम का संचालन अजय चौहान ने किया।

# केंद्रीय वाणिज्य एवं उद्योग राज्य मंत्री जितिन प्रसाद का आर्थिक सहयोग हेतु भारत-रोमानिया संयुक्त समिति की 19वीं बैठक के लिए रोमानिया का दौरा

वेलकम इंडिया/संतोष कुमार सिंह



**वाराणसी।** वाणिज्य एवं उद्योग राज्य मंत्री जितिन प्रसाद भारत और रोमानिया के बीच आर्थिक सहयोग के लिए संयुक्त समिति (जेसीईसी) की 19वीं बैठक में भाग लेने के लिए रोमानिया सरकार के निमंत्रण पर बुखारेस्ट की आधिकारिक यात्रा पर हैं हेनरी कोआंडा अंतर्राष्ट्रीय हवाई अड्डे पर आगमन पर मंत्री का स्वागत अर्थव्यवस्था, डिजिटलीकरण, उद्यमिता और पर्यटन मंत्रालय के राज्य सचिव गेब्रियल बोगदान स्टेको और विदेश व्यापार विभाग, अफकउए के प्रबंध निदेशक सोरिन मिहाई टोडर ने किया।

यात्रा के दौरान मंत्री ने श्रम,परिवार,युवा और सामाजिक एकता मंत्री महामहिम पेट्रे-फ्लोरिन मनोले के साथ कौशल-आधारित गतिशीलता पर सहयोग पर चर्चा करने के लिए एक महत्वपूर्ण बैठक की श्री प्रसाद ने इस बात पर प्रकाश डाला कि एक अरब से अधिक कामकाजी आयु के लोगों और 29 वर्ष की औसत आयु के साथ, भारत 2030 तक दुनिया की तीसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बनने की ओर अग्रसर है सबसे तेजी से बढ़ती बड़ी अर्थव्यवस्था के रूप में, भारत विकसित और विकासशील दोनों देशों के लिए एक विश्वसनीय भागीदार के रूप में वैश्विक समृद्धि में योगदान देना जारी रखे हुए है उन्होंने कहा कि तेजी से विस्तार कर रहे विनिर्माण और प्रौद्योगिकी केंद्र के रूप में भारत, लगभग 45 प्रतिशत वैश्विक क्षमता केंद्रों की मेजबानी करता है और अग्रणी प्रौद्योगिकियों में भारी निवेश कर रहा है इस संदर्भ में, उन्होंने रेखांकित किया कि विकसित हो रहे भू-राजनीतिक और भू-आर्थिक परिवेश में भारत-यूरोपीय संघ का मजबूत सहयोग पहले से कहीं अधिक महत्वपूर्ण है। दोनों पक्षों ने रोमानिया की लगभग 1,00,000 गैर-यूरोपीय संघ (ईयू) श्रमिकों की वार्षिक आवश्यकता पर ध्यान दिया और रोमानिया की क्षेत्रीय श्रम बाजार आवश्यकताओं के अनुरूप,प्रतिवर्ष लगभग 30,000 कुशल और आकांक्षी भारतीय पेशेवरों के लिए एक मार्ग बनाने की तत्परता व्यक्त की मंत्रियों ने कुशल पेशेवरों के सुरक्षित,व्यवस्थित,नियमित और जिम्मेदार प्रवास को बढ़ावा देने के लिए भारत और रोमानिया के बीच एक मजबूत गतिशीलता साझेदारी बनाने की अपनी प्रतिबद्धता की पुष्टि की जिससे पारस्परिक लाभ के लिए श्रम बाजार संपर्क में वृद्धि होगी।

## कंपनी शुरू करने और अवशेष वेतन का भुकतान करने की मांग को लेकर सैकड़ो कर्मियों ने जिलाधिकारी कार्यालय में दिया धरना

वेलकम इंडिया



**बागेश्वर।** जिले की सबसे बड़ी औद्योगिक इकाई अल्मोड़ा मैग्नेसाइट में कर्मियों ने कर्मचारी हितों की अनदेखी होने और कम्पनी के एमडी पर कुछ कर्मचारी नेताओं और चंद अन्य कर्मियों को ही संरक्षण देने, और अन्य कर्मियों के हितों की अनदेखी करने, मनमाना रवैया अपनाते हुए फैक्ट्री में कार्यरत कर्मियों को वेतन सहित अन्य भुकतान हेतु परेशान किए जाने के आरोप लगाते हुए जिलाधिकारी से न्याय की गुहार लगाई है।लम्बे समय से वेतन नही मिलने और कुछ ही कर्मियों को वेतन सहित अन्य लाभांश समय से देने और अन्य कर्मियों के साथ दोहरा रवैया अपनाने पर नाराजगी जताते हुए जिलाधिकारी कार्यालय में लंबित वेतन और अन्य देयकों का समय से भुकतान दिलाने की मांग को लेकर जिलाधिकारी कार्यालय में धरना प्रदर्शन किया।सैकड़ो कर्मी वेतन दिए जाने की मांग को लेकर जिलाधिकारी कार्यालय में आज दो अभी दो हमारा हक हमें दो के नारे लगाते हुए 26 नवंबर तक अवशेष वेतन का भुकतान नही देने पर उग्र आंदोलन की चेतावनी देने लगे।सैकड़ो फैक्ट्री कर्मी जिलाधिकारी कार्यालय में एकत्रित हो गए।इस दौरान क्षेत्रीय जनप्रतिनिधियों ने भी कर्मियों को अपना समर्थन दिया।

# सुरक्षा सम्मान स्वाबलंबन , यातायात के नियमों के विषय में बताया गया

वेलकम इंडिया महमूद रजा




**बिजनौर।** नगीना मिशन शक्ति अभियान के फेज-5.0 के अंतर्गत सोमवार को उप निरीक्षक सपना तोमर, म0 हेड का0 रेशमा चौधरी, का0 धर्मेंद सिंह, का0 सचिन कुमार व प्रदीप कुमार, म0 होमगार्ड शिवानी द्वारा, ग्राम नैनपुरा थाना नगीना जनपद बिजनौर में जाकर बालिकाओ व महिलाओं को एकत्रित कर उनकी सुरक्षा ,सम्मान, स्वाबलंबन , यातायात के सभी नियमों के विषय में बताया गया व सरकार द्वारा चलाई जा रहीं विभिन्न कल्याणकारी योजनाओं जैसे- विधवा पेंशन योजना वृध्दावस्था पेंशन योजना सुकन्या समृद्धि योजना प्रधानमंत्री आवास योजना उज्ज्वल योजना,मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजना,राष्ट्रीय पारिवारिक लाभ योजना, प्रधान मंत्री जन अरोग्य योजना, नशा मुक्ति भारत अभियान आदि से अवगत कराते हुए तथा महिलाओं को उनकी सुरक्षा के सम्मान के प्रति जागरूक करते हुए विभिन्न हेल्पलाइन नंबरों जैसे-वमेन पावर लाइन-1090 महिला हेल्पलाइन नंबर -181 पुलिस आपातकालीन सेवा112 स्वास्थ्य सेवा- 102,108 मुख्यमंत्री हेल्पलाइन नंबर -1076 चाइल्ड लाइन 1098,1930 साइबर क्राइम हेल्प लाइन नंबर आदि के बारे में जानकारी देते हुए पम्पलेट वितरित किये।

# मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजना के अंतर्गत 72 जोड़ों का विवाह हुआ सम्पन्न

वेलकम इंडिया

**मोदीनगर, (अनिल वशिष्ठ)।** मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजनान्तर्गत विकास खण्ड भोजपुर परिसर में आयोजित कार्यक्रम में 72 जोड़ों का सामूहिक विवाह सम्पन्न कराया गया। योजनान्तर्गत रू0 25,000/- की उपहार सामग्री (वर-वधु के कपडे, चाँदी की बिछिया व पायल, स्टील डिनर सेट, प्रेशर कूकर, ट्राली बैग, वैनिटी किट एवं दीवार घड़ी इत्यादि) विवाहित जोड़े को दिया जाता है। उक्त के अतिरिक्त कन्या के बैंक खाते में रू0 60,000/- की धनराशि भुगतान किये जाने का प्राविधान है। आज दिनांक 03.11.2025 को सम्पन्न हुये सामूहिक विवाह कार्यक्रम में अनुसूचित जाति के 31, अन्य पिछडा वर्ग के 15, सामान्य वर्ग के 11 एवं अल्पसंख्यक वर्ग के 15 जोडे. कार्यक्रम में शामिल हुये। कार्यक्रम स्थल पर उपस्थित 57 हिन्दू जोड़ों का हिन्दू रीति रिवाज से फेरे एवं जयमाल तथा मुस्लिम वर्ग के 15 जोड़ों का निकाह सम्पन्न कराया गया। कार्यक्रम में



प्रमुख क्षेत्र पंचायत भोजपुर श्रीमती सुचेता सिंह एवं विधायक मोदीनगर प्रतिनिधि करनवीर सिंह द्वारा उपस्थित रहकर विवाहित जोड़ों को आशीर्वाद प्रदान किया गया। जिला समाज कल्याण अधिकारी,गाजियाबाद संदीप चौधरी और खण्ड विकास अधिकारी, भोजपुर पीयूष चन्द्र राय व अल्पसंख्यक कल्याण अधिकारी साहित्य निषक सिंह एवं समाज कल्याण विभाग तथा विकास खण्ड, मुरादनगर कार्यालय के कर्मचारियों का सहयोग रहा।

# तालाब पुनर्स्थापना के कार्य का ब्लॉक प्रमुख ने किया शुभारंभ

वेलकम इंडिया

**मोदीनगर, (अनिल वशिष्ठ)।** ग्राम अमराला, ब्लॉक भोजपुर, ज़िला गाज़ियाबाद में स्थित तालाब के पुनर्स्थापन (रेस्टोरेशन) का कार्य एसएसपी बॉटलिंग, डिडोली कंपनी के सामाजिक उत्तरदायित्व (उरफ) के अंतर्गत पूर्वा फाउंडेशन द्वारा प्रारंभ किया गया। इस कार्य का शुभारंभ ब्लॉक प्रमुख भोजपुर श्रीमती सुचेता सिंह एवं प्लांट हेड शलभ वत्स ओर लवकांत भारद्वाज द्वारा पूजा-अर्चना कर किया गया। तालाब पूर्ण रूप से दलदल हो चुका था, जहाँ गंदगी का अंबार लगा हुआ था। इसके कारण आसपास के ग्रामीणों एवं विद्यालय के बच्चों को परेशानियों का सामना करना पड़ रहा था। श्रीमती सुचेता सिंह लगातार तालाबों के पुनर्जीवन के लिए प्रयासरत रही हैं, और उनके अथक प्रयासों का ही परिणाम है कि यह कार्य आज आरंभ हो सका। उन्होंने बताया कि वे अपने क्षेत्र में जल संरक्षण के लिए निरंतर सक्रिय हैं तथा विभिन्न तालाबों



को चिन्हित कर उन्हें रेनवॉटर हार्वेस्टिंग के माध्यम से पुनर्जीवित करने का कार्य कर रही हैं। एसएसपी बॉटलिंग के प्लांट हेड श्री शलभ वत्स ने जानकारी दी कि उनकी कंपनी गंग नहर के किनारे स्थित है और भू-गर्भ जल विभाग, गाज़ियाबाद के दिशा-निदेर्शों के अनुसार कंपनी द्वारा क्षेत्र में लगभग 3.7 हेक्टेयर तालाबों का पुनर्स्थापन कराया जा रहा है। इस कार्य में नोडल इंचार्ज श्रीमती सृष्टि जायसवाल द्वारा तकनीकी मार्गदर्शन प्रदान किया जा रहा है, जबकि कार्यान्वयन का कार्य रोहित सांगवान की टीम द्वारा किया जा रहा है।

इस पहल में मुख्य विकास अधिकारी (सीडीओ) अभिनव गोपाल, मोदीनगर विधायक श्रीमती मंजू सिवाच, ब्लॉक प्रमुख श्रीमती सुचेता सिंह तथा बीडीओ भोजपुर पीयूष चंद राय सहित स्थानीय प्रशासन पूर्ण सहयोग प्रदान कर रहा है और समाज की सहभागिता सुनिश्चित कर रहा है। ब्लॉक प्रमुख श्रीमती सुचेता सिंह ने बताया कि आने वाले समय में पूर्वा फाउंडेशन के सहयोग से क्षेत्र के कई अन्य तालाबों का पुनरुद्धार कार्य शीघ्र ही प्रारंभ किया जाएगा, जिससे क्षेत्र में जल संरक्षण और पर्यावरण संतुलन की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम आगे बढ़ाया जा सकेगा। इस अवसर पर विकेश प्रजापति, अजय कुमार सहित अन्य ग्रामीण भी उपस्थित रहे और इस पहल के प्रति अपना उत्साह एवं सहयोग व्यक्त किया।

# अमेरिकन प्रोड्यूसर मिलिंडा बी डोगरा, निर्देशक जय डोगरा, भूपेश खन्ना बना रहे हैं फिल्म 'आस्था छठी मइया', शूटिंग शुरू प्रयागराज में



हिमांशु यादव की रिपोर्ट

- एनआरआई प्रोड्यूसर मिलिंडा बी डोगरा, निर्देशक जय डोगरा, भूपेश खन्ना की फिल्म 'आस्था छठी मइया' की शूटिंग शुरू प्रयागराज में
- काजल राघवानी ने पुनीत सिंह संग किया एनआरआई प्रोड्यूसर मिलिंडा बी डोगरा, निर्देशक जय डोगरा, भूपेश खन्ना की 'आस्था छठी मइया' की शूटिंग शुरू
- ट्राईडॉट प्रोडक्शन एवं बीके प्रोडक्शन (यूएसए) की हिंदी फिल्म 'आस्था छठी मइया' की शूटिंग शुरू प्रयागराज में

प्रयागराज - सनातन धर्म और भारतीय संस्कृति से प्रभावित होकर एनआरआई प्रोड्यूसर मिलिंडा बी डोगरा एवं भूपेश खन्ना, निर्देशक जय डोगरा व भूपेश खन्ना लोक आस्था का महापर्व छठ पूजा की महिमा पर आधारित हिंदी फिल्म 'आस्था छठी मइया' का निर्माण कर रहे हैं। इस फिल्म में भोजपुरी फिल्मों की सुपर स्टार एक्ट्रेस काजल राघवानी और बॉलीवुड एक्टर पुनीत सिंह मुख्य भूमिका में नजर आने वाले हैं। इस फिल्म की शूटिंग उत्तर प्रदेश की पावन धरती प्रयागराज में ग्रैंड मुहूर्त करके शुरू की गई है। कैलिफोर्निया (यूएसए) की एनआरआई प्रोड्यूसर मिलिंडा बी डोगरा, निर्देशक जय डोगरा व भूपेश खन्ना ने श्री गणेश जी की विधिवत पूजा अर्चना करके तथा नारियल तोड़कर ग्रैंड मुहूर्त संपन्न किया। तदोपरांत लाइट, कैमरा, एक्शन के साथ फिल्म की शूटिंग शुरू की गई है। इस फिल्म पूरी शूटिंग प्रयागराज के विभिन्न क्षेत्रों की जाएगी। उल्लेखनीय है कि ट्राईडॉट प्रोडक्शन एवं बीके प्रोडक्शन (यूएसए) के बैनर तले निर्माण की जा रही फिल्म 'आस्था छठी मइया' की निर्मात्री मिलिंडा बी डोगरा एवं निमार्ता भूपेश खन्ना हैं। निर्देशक जय डोगरा व भूपेश खन्ना हैं। लेखक जय डोगरा हैं।

डीओपी विकास जोशी, सेकेंड डीओपी सुनील वानखेड़े हैं। ईपी अरविन्द यादव, लाइन प्रोडूसर सौरभ द्विवेदी, कस्टिंग डायरेक्टर सिमरन पांडेय, प्रोडक्शन कंट्रोलर शुभम सिंह, केसरी नंदन हैं। पीआरओ रामचंद्र यादव व हिमांशु यादव है,मुख्य कलाकार पुनीत सिंह, काजल राघवानी, समता सागर, ऐश्वर्या राज भाकुनी, अमित सिन्हा, मुक्तेश्वर ओझा, मनतशा जावेद, सिमरन पाण्डेय, राजमनी त्रिपाठी, शुभांगी हैं। गौरतलब है कि विदेशी महिला फिल्म निर्मात्री मिलिंडा बी डोगरा भारतीय संस्कृति के प्रभावित होकर छठ माता की महिमा पर आधारित फिल्म 'आस्था छठी मइया' का निर्माण कर रही हैं। उन्होंने छठ पूजा मे शामिल होकर छठ मइया की महिमा एवं व्रत के बारे में बारीकी से गहन अध्ययन किया है। उनका मानना है कि लोक आस्था का प्रतीक छठ माता की पूजा देश-विदेश के लोग भी ज्ञात कर सकें। इस फिल्म का इंग्लिश भाषा में डब करके तथा इंग्लिश सबटाइटल के साथ विदेशों में भी रिलीज की जाएगी। एनआरआई प्रोड्यूसर मिलिंडा बी डोगरा का कहना है कि 'जब हम भारत आए थे तो यहाँ देखा कि बहुत सुंदर छठ मइया का पर्व अस्था विश्वास और श्रद्धा पूर्वक मनाया जाता है। फिर मैंने और भी ज्यादा पढ़ा तथा जाना कि कितना खूबसूरत कल्चर है भारत के बिहार, उत्तर प्रदेश का। ज्यादा जानकारी हासिल पर पता चला चौवालीस करोड़ लोग इस छठ पर्व को मनाते हैं। फिर लगा क्यों ना हम भी इस पर फिल्म बनाएं। कुछ लोग सनातन धर्म का तिरस्कार करते हैं, इसलिए हम स्वच्छ तरीके से ये फिल्म बना रहे हैं। दादा अपनी पोती के साथ इस फिल्म को देख सकते हैं। ससुर अपनी बहू के साथ ये फिल्म देख सकते हैं।'

# भगवान शालिग्राम जी की बारात का भव्य आयोजन किया गया

वेलकम इंडिया

**मोदीनगर, (अनिल वशिष्ठ)।** गाजियाबाद राजनगर एक्सटेंशन स्थित वीवीआईपी सोसाइटी में भगवान शालिग्राम जी की बारात का भव्य आयोजन किया गया। सोसाइटी परिसर में ढोल-नगाड़ों की थाप और पुष्प वर्षा के बीच भक्तों ने झूमकर नृत्य किया। मंदिर समिति के अध्यक्ष सतीश जैन ने बताया कि आज ही के दिन भगवान शालिग्राम जी का विवाह तुलसी मैया के साथ हुआ था।

इसी पावन अवसर पर प्रत्येक वर्ष की भांति इस बार भी पूरे विधि-विधान के साथ भगवान शालिग्राम जी की बारात निकाली गई। बारात सोसाइटी परिसर के विभिन्न मार्गो से होते हुए मंदिर प्रांगण तक पहुंची, जहां शालिग्राम जी और तुलसी मैया के विवाह के फेरे संपन्न कराए गए। भक्तजन इस दिव्य विवाह समारोह के साक्षी बने और श्रद्धा भाव से पूजा-अर्चना की। पूरे कार्यक्रम के दौरान भक्ति गीतों की गूंज और उल्लास का वातावरण छाया रहा। इस अवसर पर सतीश जैन, अमोद मित्तल, सुभाष गोयल, संजय गुप्ता, मोहित



जिंदल, नितिन, चिराग, गौरव गर्ग, सौरभ अग्रवाल, कमल गोयल कुसुम सिद्धू, सुषमा शर्मा, वीना शर्मा, मंजू त्यागी, राखी सिंह, मनु जैन, रितु त्यागी, कल्पना गुप्ता, हेम लाल, आकांक्षा सिंह, ईशानी, शुचि गर्ग, मुक्ता गोयल, प्रिया जिंदल, दीप्ति अग्रवाल, मेघना अग्रवाल, मोनिका सिंघल, दीपा त्यागी, अंजू त्यागी, अंजू सोलंकी, प्रीती त्यागी, नैंसी गोयल, पूजा गोयल, पारुल मित्तल, दीपा गुप्ता, ज्योति जैसवाल, ज्योति शर्मा, सौम्या राकेश, प्रति शर्मा, रजनी अग्रवाल, सीमा चोपड़ा, प्रीति गोयल, रीना शर्मा, मनोरमा त्यागीआदि उपस्थित रहे।

# गायत्री परिवार ट्रस्ट की अनुष्ठान कार्यक्रम को लेकर हुई चर्चा

वेलकम इंडिया

**मोदीनगर।** शांतिकुंज हरिद्वार के तत्वाधान में गायत्री शक्तिपीठ सीकरी कलां एवं गायत्री परिवार ट्रस्ट मोदीनगर के मुख्य संरक्षक एन पी बंसल की अध्यक्षता में एक बैठक का आयोजन किया गया। जिसमें शांतिकुंज हरिद्वार में स्थापित अखंड दीप प्रज्वलन एवं उसके समक्ष अनवरत गायत्री महामंत्र जप के 2026 में सौ वर्ष पूरे होने के महान अनुष्ठान के उपलक्ष इस ज्योति को मोदीनगर क्षेत्र में दिव्य ज्योति के दर्शन हेतु ग्रामीण तथा शहरी क्षेत्र ज्योति कलश रथयात्रा के माध्यम से जन-जन को दर्शन कराने का संकल्प लिया है। यह ज्योति 4 नवंबर 2025 से 14 नवंबर तक लोगों के दर्शन के लिए उपलब्ध रहेगी। अपने प्रवास एवं उसके समक्ष श्रंखलाबद्ध दीप यज्ञ के अंतिम पड़ाव (पूणार्हुति) तथा अगले जनपद के लिए प्रस्थान के पावन पर्व पर निम्नलिखित कार्यक्रम की घोषणा की गई 13 नवंबर 2025 दिन बुधवार अखण्ड दीप के समक्ष मानव मात्र के अच्छे स्वास्थ्य तथा सहयोग एवं सहकार की भावना के संवर्धन हेतु गायत्री महामंत्र जप अनुष्ठान प्रातः 8:00 बजे से सायं 5:00 बजे तक 14 नवंबर 2025 (दिन गुरुवार) विराट कलश यात्रा स्थान मोदी मंदिर से लेकर गायत्री शक्तिपीठ सीकरी कलां निकट मेट्रो पिलर नंबर 1081 तक समय दोपहर 2:00 बजे से 4:00 तक सायं 4:00 से 4:30 तक कलश यात्रा का स्वागत एवं एन पी बंसल द्वारा मुख्य संरक्षक गायत्री परिवार ट्रस्ट गायत्री शक्तिपीठ सीकरी कलां में मिशनरी कार्यक्रमों के प्रभावी संचालन हेतु नवनिर्मित संस्कार, स्वालंबन एवं आवासीय हॉल का लोकार्पण सायं 4:30 बजे से 5:30 तक विराट दीप यज्ञ एवं प्रसाद वितरण मोदीनगर के समस्त समर्पित गायत्री परिवार के परिजनों से इस अनुष्ठान में बड़े उत्साह से सम्मिलित होने की संयुक्त रूप से अपील की गई। बैठक में के के वार्ष्णेय प्रद्युम्न,सोमदेव भारद्वाज , सतपाल सिंह ,सत्य प्रकाश, राजकुमार पाल, मनीषा सिंह बिना सामान्य की वंदना मिथिलेश और कुसुम आदि सैकड़ो भाई बहनों ने कार्यक्रम को सफल बनाने एवं अपने पूर्ण सहयोग का आश्वासन दिया।



# गढ़ मेले में भारतीय किसान यूनियन के नए कार्यालय का उद्घाटन किया

वेलकम इंडिया

**मोदीनगर, (अनिल वशिष्ठ)।** भारतीय किसान यूनियन (सर छोटू राम) के राष्ट्रीय अध्यक्ष आनंद चौधरी और राष्ट्रीय महासचिव अजय प्रमुख द्वारा गढ़ मेले में संगठन के नए कार्यालय का उद्घाटन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ पूजापाठ एवं हवन के साथ किया गया। इस अवसर पर संगठन विस्तार के तहत मेरठ मण्डल अध्यक्ष के रूप में एडवोकेट जितेन्द्र चौधरी एवं जिला उपाध्यक्ष गौतमबुद्ध नगर के रूप में चौधरी पवन कुमार सरपंच का मनोनयन किया गया। कार्यक्रम में प्रमुख रूप से उपस्थित रहे राष्ट्रीय अध्यक्ष आनंद चौधरी,राष्ट्रीय महासचिव अजय प्रमुख जी,प्रदेश अध्यक्ष (एडवोकेट) भूपेंद्र चौधरी,प्रदेश अध्यक्ष पश्चिम ललित भाटी,प्रदेश प्रवक्ता रविन्द्र त्यागी,राष्ट्रीय कोषाध्यक्ष सोनवीर सिंह सोनू,महिला प्रदेश अध्यक्ष गीता निगम,राष्ट्रीय सचिव सोनवीर खुटैल,प्रदेश उपाध्यक्ष सतवीर गुर्जर,राष्ट्रीय उपाध्यक्ष प्रवीण चौधरी,कोषाध्यक्ष सोनवीर सोनू,श्याम सिंह चौधरी, प्रमोद चौधरी सहित सैकड़ों कार्यकर्ता उपस्थित रहे। कार्यक्रम में संगठन की भावी योजनाओं और किसानों के मुद्दों पर विस्तार से चर्चा की गई।



# बिजली विभाग द्वारा स्मार्ट मीटर लगाए जाने का लोगों ने किया विरोध



वेलकम इंडिया

**मोदीनगर।** नगर में बिजली विभाग द्वारा स्मार्ट मीटर लगाए जाने का लोगों ने विरोध किया। लोगों का कहना है कि अधिकारी जबरन स्मार्ट मीटर लगा रहे हैं। विरोध करने पर महिलाओं से अभद्रता की जाती है। सूचना पाकर पुलिस ने समझा बुझाकर मामला शांत कराया। सीकरी रोड पर बिजली विभाग की तरफ से स्मार्ट मीटर लगाने का काम चल रहा है। सोमवार को भी टीम मीटर लगाने के लिए पहुंची। यह देख कॉलोनी की महिलाएं एकत्रित हो गई और उन्होंने हंगामा शुरू कर दिया। इसके बाद महिलाएं हंगामा करते हुए बिजली घर पर पहुंची और नारेबाजी की। महिलाओं का कहना है कि मीटर लगाने के लिए कर्मी उस समय आते है जब परिवार के पुरुष कामकाज पर निकल जाते है। मीटर लगाने का विरोध करने पर महिलाओं से अभद्रता की जाती है। पुलिस ने पहुंचकर महिलाओं को समझा बुझाकर शांत कराया। महिलाओं ने टीम के दोबारा कॉलोनी में आने पर आंदोलन की चेतावनी दी। इसके बाद महिलाएं लौट गई।विद्युत वितरण खंड मोदीनगर के अधिशासी अभियंता महेश उपाध्याय का कहना है कि स्मार्ट मीटर को लेकर उपभोक्ताओं में भ्रांति है कि वह तेज चल रहा है। निगम की टीम मौके पर पहुंचकर उपभोक्ताओं को समझा रही है।

साथ ही चेक मीटर लगाकर भी रीडिंग दिखाई जा रही है। स्मार्ट मीटर सभी जगह लगाए जाएंगे।

# भारत विकास परिषद, मोदी नगर द्वारा नीव विद्यालय में भारत को जानो - प्रश्नमंच का आयोजन किया





**वेलकम इंडिया**

**गाजियाबाद।** कार्यक्रम का शुभारम्भ माननीय श्री राम किशोर अग्रवाल (भू० पू० राज्यमंत्री उ०प्र० सरकार) की अध्यक्षता में दीप प्रज्जवलन तथा वंदे मातरम्से किया गया। कार्यक्रम में माननीय विधायक महोदया डा० मंजू शिवाच की गरिमामई उपस्थिति रही। कार्यक्रम में परिषद के संरक्षक डॉ पवन सिंघल, डा० दीपक अग्रवाल, डॉ सतीशचन्द्र अग्रवाल, नीव विद्यालय के चेयरमैन श्री अमित अग्रवाल, डा० कपिल शर्मा, विभिन्न विद्यालयों के शिक्षकगण उपस्थित रहे। कार्यक्रम का संचालन श्री खेमराज आर्य, अध्यक्ष भा० वि० प०, मोदीनगर द्वारा किया गया। उन्होंने बताया कि विद्यार्थियों को अपने वास्तविक इतिहास, सत्य धर्म एवं भारतीय संस्कृति सभ्यता का परिज्ञान कराना ही इस प्रतियोगिता का मुख्य उद्देश्य है। इस प्रश्नमंच में मोदीनगर क्षेत्र के 18 विद्यालयों के विद्यार्थियों ने भाग लिया।प्रश्नमंच कनिष्ठ व वरिष्ठ दो वर्गों में आयोजित किया गया। कनिष्ठ वर्ग में बालवाड़ी पब्लिक स्कूल के अंशुमान सिंह तथा नमन चौधरी विजयी रहे तथा वरिष्ठ वर्ग में सरस्वती विद्या मंदिर, गदाना की छात्राएं अंशु तथा वंशिका विजयी रहीं। दोनों वर्गों की विजयी टीम प्रांतीय स्तर पर आयोजित प्रश्नमंच में भाग लेंगी। सभी विद्यालयों में लिखित परीक्षा के प्रथम व द्वितीय स्थान प्राप्त करने वाले विद्यार्थियों को प्रशंसा प्रमाण पत्र एवं प्रतीक चिन्ह द्वारा पुरस्कृत किया गया। कार्यक्रम का समापन राष्ट्रीय गीत से किया गया।

# बी.एल.ओ. घर-घर जाकर करेंगे मतदाताओं से सम्पर्कः एडीएम

**वेलकम इंडिया**



**गाजियाबाद।** भारत निर्वाचन आयोग के निदेशांनुसार जनपद गाजियाबाद में विधानसभा निर्वाचन क्षेत्रों की मतदाता सूची के विशेष प्रगाढ़ पुनरीक्षण कार्यक्रम की शुरूआत हो चुकी है। यह कार्यक्रम 4 नवम्बर से 4 दिसम्बर 2025 तक संचालित होगा। इस अवधि में बी.एल.ओ. (बूथ लेवल अधिकारी) घर-घर जाकर अपने-अपने मतदान केन्द्रों के अन्तर्गत आने वाले सभी मतदाताओं से सम्पर्क करेंगे और प्रत्येक मतदाता को गणना प्रपत्र की दो प्रतियां उपलब्ध कराएंगे। साथ ही वे मतदाताओं को इन प्रपत्रों को सही ढंग से भरने में सहायता भी करेंगे। यह जानकारी अपर जिलाधिकारी (वि0/रा0) / उप जिला निर्वाचन अधिकारी श्री सौरभ भट्ट ने प्रेस विज्ञप्ति के माध्यम से दी। उन्होंने बताया कि निर्वाचन आयोग के निदेशों के अनुरूप यह कार्य पूर्ण पारदर्शिता और जिम्मेदारी के साथ किया जाएगा। जनपद के सभी विधानसभा क्षेत्रों में नियुक्त बी.एल.ओ., सुपरवाइजर और सहायक निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारियों को इस प्रक्रिया के लिए आवश्यक प्रशिक्षण प्रदान कर दिया गया है, ताकि अभियान को सुचारू रूप से संचालित किया जा सके। एडीएम सौरभ भट्ट ने बताया कि इस पुनरीक्षण कार्यक्रम के अंतर्गत बी.एल.ओ. प्रत्येक घर का भ्रमण करेंगे। यदि किसी घर पर ताला बंद या कोई व्यक्ति उपस्थित नहीं मिलता है, तो बूथ लेवल अधिकारी गणना प्रपत्र को घर के भीतर डाल देंगे। इसके बाद वह कम से कम तीन बार उस घर का पुनः भ्रमण करेंगे ताकि भरा हुआ गणना प्रपत्र प्राप्त किया जा सके।

उन्होंने कहा कि बी.एल.ओ. को यह भी निर्देशित किया गया है कि वे प्रत्येक मतदाता से भरा हुआ गणना प्रपत्र प्राप्त करने के बाद उसकी एक प्रति आवश्यक दस्तावेजों के साथ अपने पास सुरक्षित रखें और दस्तावेजों की प्राप्ति की पावती भी जारी करें, जिससे मतदाता के पास यह प्रमाण रहे कि उसका विवरण निर्वाचन सूची में सम्मिलित किए जाने हेतु प्राप्त कर लिया गया है।

श्री भट्ट ने बताया कि बी.एल.ओ. अपने साथ कम से कम 30 खाली फार्म-6 और ब्लैंक घोषणा पत्र (अनुलग्नक-4) लेकर चलेंगे। इससे ऐसे पात्र नागरिक जो 18 वर्ष की आयु पूरी कर चुके हैं और मतदाता सूची में नाम दर्ज कराना चाहते हैं, वे मौके पर ही आवेदन कर सकेंगे। यह पहल निर्वाचन प्रक्रिया को सरल और सुलभ बनाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है।

# चोरी की वारदात, चोर ने 12 लाख 80 हजार रुपये से भरी दुकान को बनाया निशाना

**वेलकम इंडिया**

**गाजियाबाद।** बीती रात लगभग पौने बारह बजे के करीब सिहानीगेट थाना क्षेत्र अंतर्गत मालीवाड़ा चौक के पास स्थित शांति इंटरप्राइजेज सेनेटरी स्टोर में चोरी की बड़ी वारदात सामने आई। चोर ने दुकान में रखे 12 लाख 80 हजार रुपये चुराने में कामयाबी पाई। पुलिस ने सीसीटीवी फुटेज की मदद से मामले का प्रारंभिक खुलासा किया। फुटेज में स्पष्ट रूप से देखा गया कि चोर पड़ोस की दुकान का सहारा लेकर सीधे सेनेटरी स्टोर की तीसरी मंजिल तक पहुंचा और वहां से अंदर प्रवेश किया। इसके बाद चोर ने लगभग ढाई घंटे तक दुकान के अंदर रहकर शांति से चोरी को अंजाम दिया। इस दौरान चोर ने अपना मोबाइल फोन भी रिचार्ज किया, जिससे उसकी निश्चिंतता का अंदाजा लगाया जा सकता है। यह घटना उस समय सामने आई जब सुबह स्टोर पर काम करने वाले कर्मचारी शोरूम पहुंचे और चोरी की जानकारी मिली। घटना की सूचना मिलते ही एसएचओ सचिन कुमार फोरेंसिक टीम के साथ मौके पर पहुंचे और जांच कार्य शुरू कर दिया। दुकान मालिक तरूण शर्मा की तहरीर पर प्राथमिकी दर्ज कर अग्रिम कार्रवाई भी शुरू कर दी गई। घटना की गंभीरता को देखते हुए पुलिस के आला अधिकारी भी मौके पर पहुंचे और घटनास्थल का निरीक्षण किया। उन्होंने दुकान मालिक और व्यापार मंडल के पदाधिकारियों को भरोसा दिलाया कि चोरी का जल्द से जल्द खुलासा किया जाएगा। पुलिस सूत्रों के अनुसार, चोर की पहचान और गिरफ्तारी के लिए सीसीटीवी फुटेज और आसपास के सुरागों का विश्लेषण किया जा रहा है।

# नशा मुक्त जनपद अभियान को गति मिलेः एडीएम

**वेलकम इंडिया**



**गाजियाबाद।** जिलाधिकारी रविन्द्र कुमार माँदड़ के निर्देशन में मादक पदार्थों की रोकथाम व नशा मुक्त समाज की दिशा में ठोस पहल के तहत सोमवार को महात्मा गांधी सभागार, कलेक्ट्रेट में नारको को-ऑर्डिनेशन सेंटर की एक महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता एडीएम एफ/आर सौरभ भट्ट ने की। उन्होंने जनपद को नशा मुक्त बनाने की दिशा में सभी विभागों को एकजुट होकर अभियान चलाने के निर्देश दिए और कहा कि जनपद में मादक पदार्थों के अवैध व्यापार, बिक्री व तस्करी के विरुद्ध कठोरतम कार्रवाई सुनिश्चित की जाए।

बैठक में एडीएम एफ/आर सौरभ भट्ट ने कहा कि नशा समाज की जड़ों को कमजोर कर रहा है और इससे युवाओं का भविष्य प्रभावित हो रहा है। ऐसे में आवश्यक है कि जिले में सतर्कता बढ़ाई जाए, खुफिया तंत्र को मजबूत किया जाए और अन्तर्राज्यीय सीमाओं पर कड़ी निगरानी रखी जाए। उन्होंने कहा कि सीमा प्रबंधन जनपद के विकास और सुरक्षा के दृष्टिकोण से अत्यंत महत्वपूर्ण है। यदि सीमाओं पर निगरानी मजबूत होगी, तो मादक पदार्थों की तस्करी पर प्रभावी रोक लगाई जा सकेगी। एडीएम ने सभी विभागों को परस्पर समन्वय के साथ नशे के अवैध कारोबार में लिप्त तत्वों पर कार्रवाई करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि यह मुहिम तभी सफल होगी, जब प्रशासनिक, पुलिस, स्वास्थ्य और शिक्षा विभाग सामूहिक रूप से अपनी जिम्मेदारी निभाएं। उन्होंने स्कूलों और कॉलेजों में नशा मुक्ति जागरूकता कार्यक्रम चलाने पर बल दिया। एडीएम ने कहा कि शिक्षण संस्थानों में वाद-विवाद, निबंध, चित्रकला और स्लोगन प्रतियोगिताओं के माध्यम से विद्यार्थियों को नशे के दुष्परिणामों के बारे में जागरूक किया जाए। साथ ही विद्यालयों के आस-पास गुटखा, सिगरेट और अन्य नशीले पदार्थों की बिक्री पर पूर्ण प्रतिबंध लगाया जाए। एडीएम एफ/आर सौरभ भट्ट ने जीआरपी, आरटीओ और परिवहन विभाग के अधिकारियों को निर्देशित किया कि रेलवे स्टेशन, बस अड्डे जैसे सार्वजनिक स्थलों पर विशेष निगरानी रखी जाए।

# शालीमार गार्डन में अवैध निर्माण ध्वस्त, जीडीए ने दिखाई सख्ती



**वेलकम इंडिया**

**गाजियाबाद।** शालीमार गार्डन क्षेत्र में स्वीकृत मानचित्र से विचलन कर किये गये अवैध निर्माण को गाजियाबाद विकास प्राधिकरण (जीडीए) ने सोमवार को ध्वस्त कर दिया। यह कार्रवाई उपाध्यक्ष महोदय के अवैध निर्माण एवं अवैध कालोनियों के विरुद्ध कठोर कदम उठाने के निर्देशों के क्रम में की गई। प्रभारी प्रवर्तन जोन-08 के नेतृत्व में नगर नियोजन अधिनियम 1973 की सुसंगत धाराओं के तहत भूखण्ड संख्या एस-499-ए, शालीमार गार्डन एक्स0-1, साहिबाबाद पर अतिरिक्त तल और कॉलमों व दीवारों के निर्माण को ध्वस्त कर दिया गया और इसे अनुपयोगी श्रेणी में करार दिया गया। ध्वस्तीकरण के दौरान स्थानीय निर्माणकताओं ने विरोध जताया, लेकिन प्राधिकरण ने पुलिस बल की मदद से नियंत्रण बनाए रखा और कार्यवाही को पूर्ण रूप से जारी रखा। मौके पर अधिशासी अभियंता, सहायक अभियंता, अवर अभियंता, समस्त सुपरवाइजर, प्राधिकरण पुलिस बल और थाना शालीमार गार्डन का पुलिस बल उपस्थित था, जिन्होंने ध्वस्तीकरण की कार्रवाई को सुरक्षित और व्यवस्थित तरीके से संपन्न कराया।

जीडीए ने इस कार्रवाई के माध्यम से यह स्पष्ट संदेश दिया कि शहर में स्वीकृत मानचित्र और नियामक प्रावधानों का उल्लंघन बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। प्राधिकरण के अधिकारियों ने कहा कि भविष्य में भी किसी भी क्षेत्र में अवैध निर्माण पाए जाने पर तत्परता से कार्यवाही की जाएगी ताकि नगर नियोजन का उद्देश्य प्रभावित न हो और नागरिकों को सुरक्षित एवं नियोजित आवासीय वातावरण प्रदान किया जा सके। इस सख्त कार्रवाई से स्थानीय नागरिकों में राहत की भावना देखने को मिली और प्राधिकरण ने यह सुनिश्चित किया कि शहरी विकास और नियोजन के नियमों का पालन हर स्तर पर हो।

# शहर को मिली 7 करोड़ 21 लाख की सौगात, हर गली तक पहुँच रहा विकास

**गाजियाबाद।** शहर में विकास की नई गाथा रचते हुए महापौर सुनीता दयाल ने सोमवार को फिर गाजियाबाद की जनता को 7 करोड़ 21 लाख रुपये के विकास कार्यों की सौगात दी। मोहन नगर जोन और कविनगर जोन में नारियल फोड़कर उन्होंने विभिन्न सड़कों और सौंदर्यीकरण कार्यों का शिलान्यास किया। इस अवसर पर पार्षदों, स्थानीय नागरिकों और नगर निगम अधिकारियों की उपस्थिति रही। महापौर सुनीता दयाल ने कहा कि गाजियाबाद को स्मार्ट सिटी के रूप में विकसित करना उनका लक्ष्य है और शहर के प्रत्येक वार्ड में समान रूप से विकास कार्य कराना उनकी प्राथमिकता है। उन्होंने कहा कि शहर के हर कोने में विकास की गूंज सुनाई दे रही है और यही गाजियाबाद की असली पहचान है। आज शुरू किए गए कार्यों में वार्ड 52 कोट गाँव में चौधरी मोड़ से कोट गाँव फाटक तक मुख्य मार्ग का निर्माण कार्य जिसकी लागत लगभग 82 लाख रुपये है, वार्ड 42 मानसरोवर पार्क कॉलोनी में क्रिसेंट चौक से हंसराज मार्केट तक सड़क निर्माण कार्य जिसकी लागत लगभग 2 करोड़ 21 लाख रुपये है, वार्ड 10 मोहन नगर में वजीराबाद रोड से ताहिरपुर रोड तक सड़क के दोनों ओर कच्ची पटरी पर इंटरलॉकिंग टाइल्स व सौंदर्यीकरण का कार्य जिसकी लागत लगभग 67 लाख रुपये है, वार्ड 20 भोपुरा राजीव कॉलोनी में क्षतिग्रस्त सोम बाजार रोड का निर्माण कार्य जिसकी लागत लगभग 84 लाख रुपये है तथा वार्ड 82 जवाहर पार्क में बंगाली होटल से मंसूरी चौक तक मुख्य मार्ग का निर्माण कार्य जिसकी लागत लगभग 2 करोड़ 67 लाख रुपये है, शामिल हैं।

# मिशन शक्ति 5.0 के तहत सहायक पुलिस आयुक्त ने छात्राओं को किया जागरूक

**वेलकम इंडिया**



**गाजियाबाद।** प्रदेश में महिलाओं की सुरक्षा, सम्मान और आत्मनिर्भरता को सशक्त बनाने के उद्देश्य से चलाए जा रहे मिशन शक्ति 5.0 अभियान के अंतर्गत नंदग्राम क्षेत्र में सोमवार को महिला सुरक्षा जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया।

यह कार्यक्रम नंदग्राम स्थित नारायणा ई-टेक्नो विद्यालय में आयोजित हुआ, जिसमें सहायक पुलिस आयुक्त (एसीपी) उपासना पांडेय ने छात्राओं को महिला सुरक्षा, आत्मरक्षा और सशक्तिकरण से जुड़ी महत्वपूर्ण जानकारी प्रदान की। कार्यक्रम के दौरान उपासना पांडेय ने छात्राओं को संबोधित करते हुए कहा कि महिलाओं की सुरक्षा केवल पुलिस की नहीं, बल्कि समाज के हर व्यक्ति की सामूहिक जिम्मेदारी है। प्रत्येक लड़की को अपनी सुरक्षा के प्रति सजग रहना चाहिए और किसी भी असुरक्षा या अपराध की स्थिति में तुरंत पुलिस की मदद लेनी चाहिए। उन्होंने विस्तारपूर्वक बताया कि किसी भी प्रकार की समस्या या असुविधा की स्थिति में तत्काल पुलिस सहायता हेतु 112, 1090, 181 और 1930 जैसे हेल्पलाइन नंबरों का उपयोग किया जा सकता है। उन्होंने छात्राओं को समझाया कि इन नंबरों पर किसी भी समय संपर्क किया जा सकता है, ताकि महिलाएं भयमुक्त होकर जीवन जी सकें। कार्यक्रम के दौरान पुलिस टीम द्वारा स्वयं सुरक्षा (सेल्फ डिफेन्स) का प्रदर्शन भी किया गया, जिसमें छात्राओं को कठिन परिस्थितियों में अपने बचाव के सरल और प्रभावी तरीके सिखाए गए। छात्राओं ने उत्साहपूर्वक प्रशिक्षण में भाग लिया और आत्मरक्षा के गुर सीखे।

एसीपी उपासना पांडेय ने कहा कि आत्मरक्षा केवल शारीरिक कौशल नहीं, बल्कि यह मन की शक्ति और आत्मविश्वास का प्रतीक है। हर बेटी को यह विश्वास होना चाहिए कि वह किसी भी परिस्थिति का डटकर सामना कर सकती है। उपासना पांडेय की कार्यशैली और नेतृत्व क्षमता का प्रभाव कार्यक्रम में स्पष्ट रूप से दिखाई दिया।

# नेहरू वर्ल्ड स्कूल में संपन्न हुई युवा संसद 'आइडियाज एंड एक्शन' - युवाओं ने दिखाई सोच

**गाजियाबाद।** शास्त्री नगर स्थित नेहरू वर्ल्ड स्कूल में आवाज फाउंडेशन के सहयोग से 01 और 02 नवम्बर को दो दिवसीय युवा संसद 'आइडियाज एंड एक्शन' का भव्य आयोजन सफलतापूर्वक संपन्न हुआ। इस कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य विद्यार्थियों को लोकतंत्र की कार्यप्रणाली से परिचित कराना, विचार विमर्श की संस्कृति को बढ़ावा देना और उनके नेतृत्व तथा अभिव्यक्ति कौशल को सशक्त बनाना था। कार्यक्रम का उद्घाटन विद्यालय के निदेशक डॉ. अरुणाभ सिंह और कार्यकारी प्रमुख सुश्री सुसन होम्स ने किया। अपने प्रेरणादायी संबोधन में दोनों ने युवाओं को विचारशील नागरिक बनने और अपने विचारों को रचनात्मक कार्यों में परिवर्तित करने के लिए प्रोत्साहित किया।

# ब्लूमबर्ग मेयर चैलेंज 2025 के लिए नगर निगम ने पूरी की रजिस्ट्रेशन प्रक्रिया

**वेलकम इंडिया**

**गाजियाबाद।** शहर के लिए यह गर्व का क्षण है कि गाजियाबाद नगर निगम अब विश्व स्तर पर अपनी एक अलग पहचान बनाने की दिशा में तेजी से आगे बढ़ रहा है। नगर आयुक्त विक्रमादित्य सिंह मलिक के नेतृत्व में गाजियाबाद नगर निगम ने ब्लूमबर्ग मेयर चैलेंज 2025 के लिए रजिस्ट्रेशन प्रक्रिया सफलतापूर्वक पूर्ण कर ली है। इस अंतरराष्ट्रीय प्रतियोगिता में दुनिया भर के शहर अपनी नवीनतम, पर्यावरण हितैषी और सामाजिक कल्याणकारी योजनाओं के साथ भाग लेते हैं, जिसमें चयनित शहरों को 1 मिलियन डॉलर (लगभग 10 करोड़ रुपये) तक की वित्तीय सहायता प्रदान की जाती है। गाजियाबाद नगर निगम का अभिनव 'गोबर से प्राकृतिक पेंट निर्माणज्प्रोजेक्ट अब शहर की पहचान बनता जा रहा है। इसी नवाचार के आधार पर गाजियाबाद पहले ही विश्व के टॉप 50 ग्लोबल सिटी की सूची में शामिल हो चुका है, जिसमें भारत से केवल गाजियाबाद और विशाखापट्टनम का चयन हुआ है। नगर निगम द्वारा ब्लूमबर्ग फिलैंथ्रोपी न्यूयॉर्क के पोर्टल पर फाइनल राउंड के लिए एप्लीकेशन सबमिट कर दी गई है। नगर आयुक्त विक्रमादित्य सिंह मलिक ने बताया कि इस प्रोजेक्ट के तहत 50 लाख की प्रारंभिक अनुदान राशि प्राप्त हुई थी, जिससे गोबर से पेंट बनाने की प्रक्रिया को शुरू किया गया। अब अगले चरण में इस प्रोजेक्ट को विश्व की शीर्ष 25 शहरों की सूची में शामिल कराने के लिए विस्तृत रिपोर्ट और प्रेजेंटेशन प्रस्तुत किया गया है। उन्होंने कहा कि गाजियाबाद





नगर निगम ने सकारात्मक सोच और कड़ी मेहनत के साथ इस प्रोजेक्ट को धरातल पर उतारा है। यह पहल न केवल पर्यावरण संरक्षण की दिशा में एक बड़ा कदम है, बल्कि आर्थिक आत्मनिर्भरता का भी प्रतीक है। नगर निगम ने अपने इस प्रोजेक्ट के प्रथम चरण में शहर के 50 सरकारी स्कूलों में प्राकृतिक पेंट के उपयोग की शुरूआत की है। इन स्कूलों की दीवारों को अब पर्यावरण हितैषी पेंट से रंगा जा रहा है, जिससे न केवल प्रदूषण में कमी आएगी बल्कि बच्चों में भी स्वदेशी उत्पादों के प्रति जागरूकता बढ़ेगी। नगर निगम के इस प्रयास से स्थानीय स्तर पर रोजगार के अवसर भी बढ़ रहे हैं। इस प्रोजेक्ट से स्वयं सहायता समूहों की महिलाओं को भी जोड़कर आत्मनिर्भरता की दिशा में प्रेरित किया गया है। महिलाएं गोबर से बने प्राकृतिक पेंट की पैकेजिंग, ब्रांडिंग और मार्केटिंग का कार्य कर रही हैं। दीपावली मेला और स्वदेशी मेला जैसे आयोजनों में इन महिलाओं द्वारा प्राकृतिक पेंट के स्टॉल लगाए गए, जहां नागरिकों को इस स्वदेशी उत्पाद के लाभों के बारे में जानकारी दी गई और उपयोग को बढ़ावा दिया गया। महापौर सुनीता दयाल और नगर आयुक्त विक्रमादित्य सिंह मलिक के संयुक्त निर्देशन में गाजियाबाद नगर निगम ने फाइनल राउंड के लिए अपनी एप्लीकेशन ब्लूमबर्ग फिलैंथ्रोपी न्यूयॉर्क के पोर्टल पर सबमिट कर दी है। निगम की टीम ने प्राकृतिक पेंट प्रोजेक्ट से जुड़ी पूरी तकनीकी, सामाजिक और पर्यावरणीय जानकारी एप्लीकेशन में सम्मिलित की है। नगर निगम अधिकारियों का कहना है कि यह परियोजना न केवल पर्यावरण की दृष्टि से उपयोगी है, बल्कि शहर की स्वच्छता और सतत विकास की दिशा में एक मील का पत्थर साबित होगी। यदि गाजियाबाद विश्व के टॉप 25 शहरों की सूची में चयनित होता है, तो नगर निगम को 1 मिलियन डॉलर (करीब 10 करोड़ रुपये) की राशि प्राप्त होगी, जिसका उपयोग प्रोजेक्ट के विस्तार और नई पर्यावरणीय पहलों में किया जाएगा।

# पिज्जा हट में ओवन फटने से परिवार के तीन लोग झुलसे

**गाजियाबाद।** थाना विजयनगर क्षेत्र के प्रताप विहार चौकी अंतर्गत स्थित एक पिज्जा हट रेस्टोरेंट में बीती रात बड़ा हादसा हुआ। जानकारी के अनुसार, रेस्टोरेंट में स्नैक्स खाने आए एक ही परिवार के तीन सदस्य ओवन फटने की घटना में गंभीर रूप से झुलस गए। घायलों में 36 वर्षीय पिता और उनके दो बेटे शामिल हैं, जिनकी उम्र क्रमशः 11 और 12 वर्ष बताई जा रही है। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार, जैसे ही परिवार अपने ऑर्डर का इंतजार कर रहा था, रसोई क्षेत्र से अचानक तेज धमाके की आवाज आई। बताया गया कि गैस लीकेज के कारण ओवन में विस्फोट हुआ, जिससे आग की लपटें उठीं और तीनों लोग उसकी चपेट में आ गए।